शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 32 – 22 |
| आर्द्रता | 83% |
| सूर्योदय: 5:58 | सूर्यास्त: 17:39 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : पवित्रता, धैर्य तथा प्रयत्न के द्वारा सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं।



आध्यात्मिक पर्यटन का आधार कोई बन सकता है, तो वह उत्तर प्रदेश है : योगी -पृष्ठ 6

# ममता ने 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में 215 से अधिक सीटें जीतने का रखा लक्ष्य

## मुख्यमंत्री ने भाजपा पर लगाया फर्जी मतदाताओं के पंजीकरण का आरोप, अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर 'निर्वाचन आयोग की मदद' से मतदाता सूची में अन्य राज्यों के फर्जी मतदाताओं के नाम दर्ज करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो वह निर्वाचन आयोग के कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना देंगी। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए जाने पर भी सवाल उठाया और आरोप लगाया कि भाजपा संवैधानिक निकाय को 'प्रभावित करने की कोशिश' कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा निर्वाचन आयोग के सहयोग से मतदाता सूची में किस तरह हेराफेरी कर रही है, यह बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि यदि मैं (2006 में भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के दौरान) 26 दिन की भूख हड़ताल कर सकती हूं, तो हम निर्वाचन आयोग के खिलाफ भी आंदोलन शुरू कर सकते हैं। यदि जरूरत पड़ी तो हम मतदाता सूची में सुधार और फर्जी मतदाताओं को हटाने की मांग को लेकर निर्वाचन आयोग के कार्यालय के समक्ष अनिश्चित काल के लिए धरना भी दे सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र में भी हरियाणा और गुजरात से मतदाताओं का नाम दर्ज कराके चुनावों में हेराफेरी करने की इसी तरह की रणनीति अपनाई थी। ममता ने कहा कि दिल्ली और महाराष्ट्र में भाजपा ने हरियाणा और गुजरात से फर्जी मतदाताओं का पंजीकरण कराके चुनाव जीते थे। पार्टी हरियाणा और गुजरात से इन फर्जी मतदाताओं को लाएगी और बंगाल में चुनाव जीतने की कोशिश करेगी क्योंकि भाजपा जानती है कि अगर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हुए तो वह बंगाल में चुनाव कभी नहीं जीत सकती। ममता ने भाजपा पर निर्वाचन आयोग की मदद से पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में दूसरे राज्यों से आए फर्जी मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने का आरोप लगाया। तृणमूल सुप्रीमो ने कहा कि हम उन फर्जी मतदाताओं की पहचान करेंगे, जिन्हें भाजपा की मदद से मतदाता सूची में शामिल किया गया है। हम बाहरी लोगों (भाजपा) को बंगाल पर कब्जा करने की अनुमति नहीं देंगे। ममता ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली (विधानसभा चुनाव) में जो किया है, उसे बंगाल में दोहराया नहीं जा सकता।



- मुख्यमंत्री का दावा, आगामी विस चुनावों में 'बड़ा खेला होगा'
- कहा... 'बीजेपी उम्मीदवारों की जमानत जब्त होगी'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2026 के विधानसभा चुनाव में कुल 294 में से 215 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा और कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दमदार प्रदर्शन की वजह से भाजपा की सीटों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिलेगी। गुरुवार को ममता बनर्जी ने पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम अगले बंगाल विधानसभा चुनावों में 294 में से 215 से अधिक सीटें जीतेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि भाजपा की संख्या में और गिरावट आए। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए टीएमसी प्रमुख ने पिछले चुनाव में लगाए गए भगवा पार्टी के नारों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा नेताओं ने '200 पार' कहा था, लेकिन हार गए। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने '400 पार' का दावा किया, लेकिन वे बहुमत भी हासिल नहीं कर पाए। अभिषेक (बनर्जी) ने जो कहा, वह बिल्कुल सही है। हम दो-तिहाई बहुमत हासिल करेंगे, लेकिन आपको इससे भी बड़ी जीत सुनिश्चित करनी होगी। इस बार भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त करानी होगी।

## कैबिनेट से मिली वक्फ बिल को मंजूरी

### 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में ला सकती हैं सरकार

**नयी दिल्ली :** कैबिनेट ने गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, जेपीसी की रिपोर्ट के आधार पर इसे हरी झंडी दी गई है। इसे संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से के दौरान पेश किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, 19 फरवरी की कैबिनेट की बैठक में इन संशोधनों को मंजूरी दी गई। इन संशोधनों के आधार पर बिल को मंजूरी दी गई है। वक्फ बिल को पहली बार पिछले साल अगस्त महीने में पेश किया गया था। लेकिन विपक्ष के विरोध की वजह से इसे संसदीय समिति को भेजा गया था। बाद में कुछ संशोधनों के बाद जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली इस समिति ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इस के बाद 13 फरवरी को वक्फ बिल पर संसदीय समिति की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया। अब इस बिल को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। बिल को बजट सत्र के दूसरे हिस्से में पेश किया जा सकता है। बजट सत्र का का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा।

## भारत ने पाकिस्तान को 'अंतरराष्ट्रीय मदद के भरोसे टिका एक नाकाम देश' बताया

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा :** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मदद पर टिका एक नाकाम देश कर्तव्यनिष्ठा से अपने सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ द्वारा फैलाए गए झूठ को आगे बढ़ाता है। भारत ने बुधवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में उत्तर देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान को करार जवाब दिया। जिनेवा में स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के सलाहकार





क्षितिज त्यागी ने कहा, भारत पाकिस्तान द्वारा किए गए निराधार और दुर्भावनापूर्ण संदर्भों के जवाब में उत्तर देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल कर रहा है। यह खेदजनक है, लेकिन आश्चर्यजनक नहीं कि पाकिस्तान के तथाकथित नेता और प्रतिनिधि अपने सैन्य-आतंकवादी गठजोड़ द्वारा फैलाए गए झूठ का कर्तव्यनिष्ठा से प्रचार कर रहे हैं। त्यागी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक नाकाम देश इस परिषद का समय बर्बाद कर रहा है, जो अस्थिरता पर पनपता है और अंतरराष्ट्रीय सहायता पर टिका है। इसकी बयानबाजी से पाखंड की बू आती है; इसकी हरकतों में अमानवीयता है; और इसके शासन में अक्षमता है। उन्होंने कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा से भारत के अभिन्न अंग थे और आगे भी रहेंगे।

## प्रधानमंत्री ने आयुष क्षेत्र पर बैठक की अध्यक्षता की, पूर्ण क्षमता के उपयोग पर जोर दिया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को आयुष क्षेत्र की व्यापक समीक्षा की और योग, प्राकृतिक चिकित्सा तथा फार्मेसी क्षेत्र में समग्र स्वास्थ्य तथा मानक प्रोटोकॉल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। मोदी ने आयुष क्षेत्र की समीक्षा के लिए 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें समग्र कल्याण और स्वास्थ्य सेवा, पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण और देश के कल्याण पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि 2014 में आयुष मंत्रालय के गठन के बाद से मोदी ने इसकी विशाल क्षमता को पहचानते हुए इसके विकास के लिए एक स्पष्ट रोडमैप की कल्पना की है। बैठक में क्षेत्र की प्रगति की समग्र समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री ने इसकी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया। समीक्षा में पहल को सुव्यवस्थित करने, संसाधनों का अनुकूलन करने और आयुष की वैश्विक मौजूदगी को बढ़ाने के लिए एक दूरदर्शी मार्ग तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव शक्तिकांत दास, प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।









# महाकुंभ 'युग परिवर्तन की आहट', इसने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ को बृहस्पतिवार को 'युग परिवर्तन की आहट' करार दिया और कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है 'विकसित भारत' का। महाकुंभ के पूर्ण होने पर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से साझा किए गए एक आलेख में प्रधानमंत्री ने इस भव्य आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और कहा, जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और सभी ने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। उन्होंने कहा, यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में, इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ का यह आयोजन आधुनिक युग के 'मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स' (प्रबंधन पेशेवरों) के लिए, प्लानिंग (नियोजन) और पॉलिसी एक्सपर्ट्स (नीति विशेषज्ञों) के लिए नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की



कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में... करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ के लिए चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए यह देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा, इससे यह विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ से लौटे लोगों द्वारा त्रिवेणी से लेकर गए जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया और कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा, यह कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। यह कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। मोदी ने कहा कि प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि इसकी एक वजह यह भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक क्षेत्र में शोध करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, मैं मानता हूं, यह युग परिवर्तन की वह आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है। उन्होंने कहा कि 144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। उन्होंने कहा, अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। यह संदेश है-



विकसित भारत का। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वह गरीब हो या संपन्न हो, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए। उन्होंने कहा, एक भारत-श्रेष्ठ भारत का यह चिर स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। महाभारत के उस प्रसंग को याद करते हुए जिसमें बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे, मोदी ने कहा कि वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। उन्होंने कहा, हमें अब इसी आत्मविश्वास से एकनिष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई थी। उन्होंने कहा कि विवेकानंद हों या श्री ऑरोबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था और इसकी अनुभूति महात्मा गांधी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। मोदी ने कहा, आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता, और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता तो यह गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती। उन्होंने कहा, लेकिन हम तब यह नहीं कर पाए। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता जनार्दन की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है। नदियों और उनकी स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए मोदी ने लोगों से हर नदी को जीवनदायिनी मां का प्रतिरूप मानते हुए 'नदी उत्सव' का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन आसान नहीं था लेकिन इसके बावजूद यदि कोई कमी रह गई हो तो वह इसके लिए जनता जनार्दन से क्षमा मांगते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते वह गर्व से कह सकते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर, इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। उन्होंने कहा, केंद्र हो या राज्य हो, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। हमारे सफाईकर्मी, हमारे पुलिसकर्मी, नाविक साथी, वाहन चालक, भोजन बनाने वाले, सभी ने पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से निरंतर काम करके इस महाकुंभ को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि विशेषकर, प्रयागराज के निवासियों ने इन 45 दिनों में तमाम परेशानियों को उठाकर भी जिस तरह श्रद्धालुओं की सेवा की है, वह अतुलनीय है। उन्होंने इसके लिए प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश के निवासियों का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दृश्यों को देखकर राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर उनकी आस्था अनेक गुना मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि इससे अभीभूत होकर वह जल्द ही द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाएंगे और हर भारतीय के लिए प्रार्थना करेंगे। उन्होंने कहा, महाकुंभ का स्थूल स्वरूप महाशिवरात्रि को पूर्णता प्राप्त कर गया है। लेकिन मुझे विश्वास है, मां गंगा की अविरल धारा की तरह, महाकुंभ की आध्यात्मिक चेतना की धारा और एकता की धारा निरंतर बहती रहेगी। महाकुंभ 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ था और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन इसका समापन हुआ।

# रेल मंत्री ने प्रयागराज, महाकुम्भ में रेल कर्मयोगी के अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया और उनकी प्रशंसा की

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुम्भ 2025 के लिए भारतीय रेल की व्यापक तैयारियों की स्व-समीक्षा करने के लिए सुबह प्रयागराज का दौरा किया। इस भव्य धार्मिक समागम के पैमाने और महत्व को पहचानते हुए, उन्होंने जमीनी परिचालन का आकलन करने के लिए उत्तर मध्य रेल (एन-सीआर), उत्तर पूर्व रेल (एनईआर) एवं उत्तर रेल (एनआर) के तहत विभिन्न स्टेशनों का दौरा किया। अपने इस दौरे के दौरान, उन्होंने रेलवे कर्मियों के साथ बातचीत की, प्रमुख व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया; श्री वैष्णव ने विभिन्न विभागों के मध्य निर्बाध समन्वय की भी सराहना की और सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, कुशल व सुखद यात्रा की सुविधा के लिए भारतीय रेल की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस सम्पूर्ण आयोजन के दौरान रेल मंत्री ने माननीय प्रधानमंत्री को उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद

**महाकुम्भ 2025 के दौरान रिकॉर्ड 17000 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं!**

**श्री अश्विनी वैंष्णव ने प्रयागराज का दौरा किया, महाकुम्भ के दौरान अद्भुत कार्य हेतु रेल परिवार - सभी को बधाई दी!**

दिया और श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व संख्या को संभालने में सहयोग के लिए माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव और पड़ोसी राज्यों की सरकारों को भी उनके सतत सहयोग के लिए



धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने रेल कर्मयोगियों के उत्कृष्ट समर्पण की सराहना की अपनी यात्रा के दौरान, रेल मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और इस तरह के आयोजन के प्रबंधन में भूमिका निभाने वाले रेलवे कार्यबल के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति अपनी सराहना व्यक्त की। यात्रियों की सहायता करने वाले फ्रंटलाइन कर्मयोगियों से लेकर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस कर्मियों तक, निर्बाध ट्रेन संचालन को बनाए रखने वाले इंजीनियरों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से लेकर यात्रा को सुविधाजनक बनाने वाले हेल्प डेस्क अधिकारियों तथा बुकिंग कर्मचारियों तक - सभी के योगदान को सराहा।

**रेल मंत्री द्वारा रेल कर्मयोगियों के समर्पण को सराहा गया**

उन्होंने टीटीई, ड्राइवरों, सहायक ड्राइवरों, सिग्नल और दूरसंचार कर्मियों, टीआरडी और इलेक्ट्रिकल टीमों, एएसएम, नियंत्रण अधिकारियों, ट्रैकमैन और रेलवे प्रशासकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिनके समन्वित प्रयासों से इस विशाल उपक्रम का सुचारू निष्पादन सुनिश्चित हुआ। उन्होंने पहली से आखिरी पंक्ति तक हर कर्मचारी को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने स्टेशनों पर जाकर पहली से आखिरी पंक्ति तक हर कर्मचारी से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया व उत्साहवर्धन किया और सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लाखों तीर्थयात्रियों के लिए महाकुम्भ 2025 का निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे अथक प्रयास किया।

**अभूतपूर्व रेल संचालन**

महाकुम्भ 2025 के लिए भारतीय रेल ने अपनी प्रारंभिक संचालन योजना से कहीं अधिक सेवाएँ प्रदान कीं। कुल 17,152 ट्रेनों का संचालन किया गया, जो कि नियोजित 13,000 ट्रेनों से अधिक था और पिछले कुंभ की तुलना में चार गुना वृद्धि दर्शाता है। इसमें 7,667 विशेष ट्रेनें और 9,485 नियमित ट्रेनें शामिल थीं, जिससे श्रद्धालु सुचारू और कुशल यात्रा कर सकें। महाकुम्भ में कुल 66 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित हुए, जिनमें से केवल प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 4.24 करोड़ यात्रियों के लिए प्रबंधन किया गया।

**प्रयागराज क्षेत्र में यात्री सुविधाओं में वृद्धि**

बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए, भारतीय रेल ने प्रयागराज के नौ प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक अवसंरचना और परिचालन संवर्द्धन लागू किया, जिसमें आवागमन को सुव्यवस्थित करने के लिए दूसरा प्रवेश द्वार, 48 प्लेटफ़ॉर्म और 21 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किए गए। अत्याधिक संख्या को नियंत्रित करने के लिए फ़ेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी (ऋछढ) और ड्रोन निगरानी सहित 1,186 सीसीटीवी कैमरों के साथ निगरानी को सुदृढ़ किया गया। अत्यधिक व्यस्ततम समय में भीड़भाड़ को प्रबंधित करने के लिए 23 स्थायी होल्डिंग एरिया स्थापित किए गए, जबकि मल्टीलैंग्वेज अनाउंसमेंट और 23 भाषाओं में बुकलेट द्वारा यात्री सुविधाओं को बेहतर किया गया। 151 मोबाइल यूटीएस काउंटर और एक क्यूआर-आधारित प्रणाली सहित 554 काउंटरों के साथ टिकट सुविधाओं का विस्तार किया गया। इसके अतिरिक्त, निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए 21 रोड ओवर और अंडर ब्रिज (आरओबी/आरयूबी) का निर्माण किया गया।

**सुदृढ़ चिकित्सा और आपातकालीन तैयारियां**

भारतीय रेल ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी चिकित्सा और आपातकालीन सहायता प्रणाली लागू की। जिला अधिकारियों के समन्वय में केंद्रीकृत सहायता डेस्क, चिकित्सा सुविधाएं, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं मोबाइल टॉयलेट तैनात किए गए, जबकि स्टेशनों पर अतिरिक्त खानपान सेवाओं की व्यवस्था की गई। यात्रियों के सुचारू आवाजाही को बनाए रखने के लिए, पार्सल यातायात को प्रतिबंधित किया गया और कुशल रूप से कर्मचारियों की तैनाती एवं समायोजन के लिए एक ऐप-आधारित प्रणाली शुरू की गई। रेक, कोच एवं इंजनों की निरंतर निगरानी ने परिचालन दक्षता सुनिश्चित की, जबकि समर्पित प्रयासों से एक महीने के भीतर वाराणसी-प्रयागराज खंड में अंतिम 34 किमी ट्रैक लिंकिंग को तेजी से पूरा करने में मदद मिली।

**भारतीय रेल की प्रतिबद्धता का प्रमाण**

महाकुम्भ 2025 संचालन का निर्बाध निष्पादन भारतीय रेल की सार्वजनिक सेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रमाण है। बहुस्तरीय समन्वय और उन्नत भीड़ प्रबंधन के माध्यम से, रेलवे नेटवर्क ने लाखों श्रद्धालुओं को सफलतापूर्वक पहुंचाया। इस असाधारण प्रयासों के प्रति धन्यवाद करते हुए, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने पूरे रेल कार्यबल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके अथक समर्पण ने सभी के लिए सुचारू और कुशल यात्रा सुनिश्चित की। उनकी प्रतिबद्धता और टीम वर्क ने एक बार फिर बड़े पैमाने पर परिचालन उत्कृष्टता में एक नया मानदंड स्थापित किया है, जिससे देश की परिवहन प्रणाली की रीढ़ के रूप में भारतीय रेल की भूमिका अधिक प्रभावी हुई है।

**महाकुम्भ-2025 के दौरान भारतीय रेल द्वारा की गई तैयारियां:**

* सभी मालगाड़ियों को डीएफसी में डायवर्ट किया गया।
* कुम्भ क्षेत्र में +200 रेक उपलब्ध कराए गए, जिसमें दोनों तरफ से ट्रेन सेट या इंजन हैं। (शंटिंग संचालन से बचने के लिए)
* महाकुम्भ क्षेत्र में पिछले 3 वर्षों में 5,000 करोड़ निवेश व विकास कार्य हुआ।
* बनारस-प्रयागराज दोहरीकरण (गंगा पुल सहित)
* फाफामऊ-जंघई दोहरीकरण
* महाकुम्भ के लिए 13,000 निर्धारित ट्रेनों के बदले 17,152 ट्रेनें चलाई गई, जो पिछले कुम्भ से 4 गुना अधिक हैं (विशेष ट्रेनें, 7,667 और नियमित ट्रेनें 9,485 = 17,152)
* कुम्भ में आने वाले कुल तीर्थयात्रियों की संख्या 66 करोड़ (जिनमें से प्रयागराज के 9 कुम्भ रेलवे स्टेशनों पर 4.24 करोड़ यात्रियों द्वारा यात्रा की गई)

**प्रयागराज क्षेत्र में यात्री सुविधाएं**

* 9 रेलवे स्टेशन, सभी पर दूसरा प्रवेश द्वार, 48 पीएफ, 21 एफओबी
* 1,186 सीसीटीवी (फेस रिकॉग्नाइजन वाले 10% कैमरे), निगरानी के लिए ड्रोन
* 23 स्थायी होल्डिंग क्षेत्र
* प्रयागराज, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज में 12 भाषाओं में घोषणा और 23 भाषाओं में सूचना बुकलेट
* 554 टिकट काउंटर (151 मोबाइल यूटीएस) और क्यूआर आधारित टिकटिंग सुविधा
* 21 आरओबी/आरयूबी: सड़क के साथ-साथ रेल की गतिशीलता में सुधार
* कलर कोडिंग: यात्रियों की सरलता से पहचान और दिशा-वार अलग-अलग मार्गदर्शन के लिए होल्डिंग क्षेत्रों एवं टिकटों की कलर कोडिंग।

लाल: लखनऊ, अयोध्या
नीला: डीडीयू, सासाराम, पटना
पीला: मानिकपुर, झांसी, सतना, कटनी, एमपी क्षेत्र
हरा: कानपुर, आगरा, दिल्ली

* 5 स्तरीय निगरानी प्रणाली: पीएफ/ होल्डिंग एरिया फ स्टेशन फ डिवीजन फ जोनल फ रेलवे बोर्ड वॉर रूम
* 13,000 अतिरिक्त कर्मचारी तैनात
* आरपीएसएफ महिला टीम की 2 बटालियन, 22 डॉग स्क्वॉड, 1000 से अधिक सफाई कर्मचारी, 1,500 से अधिक टीटीई और बुकिंग कर्मचारी, 3,000 से अधिक रनिंग स्टाफ (गार्ड, ड्राइवर और सहायक ड्राइवर)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 फरवरी, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष अमावस्या, 06:14 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 13:30 तक, योग : सिद्ध, 19:59 तक, सूर्योदय: 5:58, सूर्यास्त: 17:39, चन्द्रोदय : 06:07, चन्द्रास्त: 18:04, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 10:22 से 11:49

## राशिफल

**मेष :** आज परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। गम्भीरता से परिस्थितियों का अवलोकन करें। अपनी छवि को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे। रिश्तेदारों से उधार धन लेना पड़ सकता है।

**वृष :** आज जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें, इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद उठायेंगे।

**मिथुन :** आज नए सम्पर्क विकसित हो सकते हैं। किसी काम के पूरा न होने से मन में असन्तोष का भाव रहेगा। बड़ों की राय लेकर काम करना हितकर होगा।

**कर्क :** आज आय के लिहाज से दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में आपके नये मित्र बन सकते हैं। अधूरे पड़े कार्य आप शुरू कर सकते हैं।

**सिंह :** आज चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। अपनी योग्यता और प्रतिभा का विकास कर सकते हैं। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**कन्या :** आज काम में आपका मन नहीं लगेगा। युवा प्रेमियों को कुछ तनाव हो सकता है। आपको कुछ आकस्मिक खर्च करने पड़ेंगे। अधिकारियों के प्रति व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला :** आज धन लाभ हो सकता है। दूसरों के कार्यों में ज्यादा दखल न दें। शेयर से जुड़े कार्यों से लाभ होगा। शाम के समय दोस्तों से मिल सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज पूर्व के अनुभवों से लाभ हो सकता है। अधिकारी आपके कार्यों से काफी खुश रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपको झगड़ना नहीं चाहिये।

**धनु :** आज कारोबार बढ़ाने के लिये पुरजोर प्रयास करने पड़ेंगे। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियन्त्रण रखें। अविवाहित जातकों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मकर :** आज आपको तनाव का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी तरक्की से जलेंगे। मेडिकल सेवा से जुड़े लोगों को परेशानी हो सकती है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों का दिन हर काम काफी सोचकर करने वाला है। कोई प्रॉपर्टी खरीदते-बेचते समय उसके सारे नियम-कानूनों को ध्यान से समझ लें। धन लाभ के योग हैं।

**मीन :** आज उच्च अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में प्रबन्धन क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। प्रेमी जन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3018

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| ■ | | ■ | 6 | 7 | 8 | | ■ | 9 | 10 |
| 11 | | 12 | ■ | 13 | | ■ | 14 | ■ | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 15 | | | |
| ■ | ■ | 16 | | | 17 | ■ | | ■ | |
| 18 | 19 | | ■ | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | | | ■ | 26 | |
| | ■ | 27 | ■ | | ■ | 28 | 29 | | ■ |
| 30 | | | | | | ■ | 31 | | |

➲ *बायें से दायें*:- 1) अनुग्रह; नेकी; एहसान, 4) प्रशाखा *(पौधा, फूल, फल)*, 6) आतंक; उत्तेजना; खलबली, 9) काबू; एक वाहन, 11) प्रसिद्धि; *पब्लिसिटी*; *प्रौपेगैंडा*, 13) गठिया; वायु, 15) शौक; प्रवृत्ति; पसंद, 16) सम्मान; प्रतिष्ठा, 18) जाग्रत; सावधान, 20) प्रयास; गतिविधि; संचलन; चेष्टा, 23) मंज़िल; लड़ी; सीरीज़, 24) कल्याणकारी; मंगलमय, 26) समय से पहले, 28) स्मारक, 30) कृतघ्न, 31) नाश.

➲ *ऊपर से नीचे*:- 2) प्रश्नपत्र, 3) व्यस्त, 4) ढोल, 5) होंठ, 7) पहरे में रखा जाना; *लौकअप*, 8) व्यसन, 10) पर्याप्त, 11) रिवाज, 12) दया, 14) जल से सींचना, 17) अलग; कहीं और, 18) उपसंहार, 19) शिष्य, 21) धनराशि, 22) अनुभव, 25) एक अन्न, 27) ग़लत नहीं, 29) जन्मा. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | ब | न | ■ | ऐ | या | शी | ■ | ब |
| न | ■ | ■ | स | मा | न | ■ | ल | की | र |
| पे | ल | ना | ■ | म | क | र | ■ | ■ | बा |
| क्षि | ■ | ह | ठी | ला | ■ | जा | य | दा | द |
| त | म | क | ■ | ■ | खा | ई | ■ | ख़ि | ■ |
| ■ | दि | ■ | पै | द | ल | ■ | अ | ल | ता |
| स | रा | स | र | ■ | सा | मा | न्य | ■ | र |
| ह | ■ | ■ | वी | र | ■ | त | था | ग | त |
| सा | ज़ि | श | ■ | मा | लू | म | ■ | र | म्य |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2978

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 1 | | | | 8 | | |
| | | | 3 | 9 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 4 | 3 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2977 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 1 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 |
| 2 | 4 | 7 | 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 |

# आई पैक पर बयानबाजी... पार्टी नेताओं पर फूटा तृणमूल सुप्रीमो का गुस्सा, दी सख्त चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस नेताओं को सख्त चेतावनी देते हुए इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई पैक) पर सार्वजनिक रूप से बयानबाजी करने से मना किया है। उन्होंने साफ किया कि यह अब प्रशांत किशोर (पीके) की संस्था नहीं है और पार्टी के सभी नेताओं को इसके साथ सहयोग करना होगा। इस दिन, नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित जनसभा में ममता ने कहा कि यह पीके की आई पैक नहीं है। वह अब एक राजनीतिक दल चला रहे हैं। यह एक नई टीम है और सभी को इसके साथ मिलकर काम करना होगा। इनके खिलाफ उल्टे-सीधे बयान देना बंद करें, क्योंकि हम सबको मिलकर आगे बढ़ना है।



**❑ ममता ने अमेरिका से भारतीयों को जंजीरों में जकड़कर वापस भेजे जाने पर केंद्र की आलोचना की**

इस दौरान, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अमेरिका से जंजीरों में जकड़े अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजे जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे शर्मनाक बताया और सवाल किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने उन्हें वापस लाने के लिए विमान क्यों नहीं भेजे पार्टी सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने इस मुद्दे पर केंद्र की कथित चुप्पी की आलोचना की और प्रत्यावर्तन प्रक्रिया में गरिमा कायम नहीं रखे जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार को सम्मान के साथ उनकी वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा घुसपैठ की बात करती है, लेकिन हमारे नागरिकों को अमेरिका से जंजीरों में बांधकर वापस भेजा जाता है। जो वापस आए, उन्हें भी जंजीरों में बांधकर वापस लाया गया। क्यों? यह देश के लिए शर्म की बात है। तुलना करते हुए ममता ने बताया कि कोलंबिया ने अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए विमानों की व्यवस्था की और सवाल किया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती? उन्होंने पूछा कि अगर कोलंबिया अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए विमान भेज सकता है, तो हमारी केंद्र सरकार अपने लोगों की सम्मान के साथ वापसी क्यों नहीं सुनिश्चित कर सकती?

अभिषेक बनर्जी ने ममता के साथ मतभेद व भाजपा में शामिल होने की अटकलों को किया खारिज, कहा...

# 'काट दें गला फिर भी भाजपा में नहीं जाऊंगा, मै तृणमूल का एक वफादार सिपाही हूं'

**❑ कहा... 'चुनाव नजदीक आते ही विपक्ष अफवाहें फैलाने का सहारा लेता'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के साथ कथित 'मतभेद' की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वह पार्टी के एक 'निष्ठावान सिपाही' बने रहेंगे तथा पार्टी प्रमुख को अपना नेता मानते हैं। इस दिन, नेताजी इनडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए अभिषेक ने दावा किया कि जब भी चुनाव नजदीक आता है तो विपक्ष आदतन इस तरह की 'अफवाहें' फैलाने का सहारा लेता है। अभिषेक ने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं, मैं आपको बता दूं कि अगर मेरा सिर भी कलम कर दिया जाए तब भी मैं मरते दम तक 'ममता बनर्जी जिंदाबाद' का नारा ही लगाऊंगा। सांसद ने कहा कि मैं उन लोगों को जानता हूं जो ऐसी झूठी खबरें फैला रहे हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उनके निहित स्वार्थ हैं।



**❑ 'मुकुल और शुभेंदु की गद्दारी की पहचान मैंने की थी'**

मुकुल रॉय और शुभेंदु अधिकारी का नाम लेते हुए अभिषेक ने कहा कि उन्होंने इससे पहले हुए चुनाव से पूर्व 'गद्दार के रूप में उनकी पहचान' की थी। डायमंड हार्बर से सांसद ने कहा कि मैंने उन्हें पहले भी बेनकाब किया था। जो भी हमारी पार्टी के अंदर अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा है मैं एक बार फिर उन्हें बेनकाब करूंगा।

**❑ तृणमूल सांसद ने अनुशासन का पालन करने पर दिया जोर**

पार्टी में अनुशासन का पालन करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अभिषेक ने तृणमूल कांग्रेस नेताओं को सार्वजनिक क्षेत्र में अपने बयानों को लेकर सावधान रहने के लिए सचेत किया। उन्होंने कहा कि अगर आप सोचते हैं कि आप एक सांसद या विधायक या ब्लॉक अध्यक्ष हैं और आपको सार्वजनिक रूप से ऐसी बातें कहने की छूट है जो पार्टी को नीचा दिखाती हैं तथा इसकी स्थिति को कमजोर करती हैं, तो आप गलत हैं। ऐसा करने वालों की पहचान पहले ही हो चुकी है। हममें से हर कोई संगठन के नियमों द्वारा निर्देशित होता है। राज्य चुनावों से पहले आपके काम में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। पार्टी सदस्यों से आंतरिक संघर्षों के बजाय जनसेवा पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करते हुए अभिषेक ने कहा कि अपने मतभेदों को भूलकर लोगों के लिए काम करने पर ध्यान केंद्रित करें। साजिशों में शामिल होने का कोई मतलब नहीं है। व्हाट्सऐप ग्रुप की राजनीति में लिप्त लोगों को पता होना चाहिए कि इस तरह के प्रयास व्यर्थ होंगे। साजिश करने वालों पर ही इसका असर पड़ेगा।

**❑ सीबीआई के नए आरोपपत्र पर बोला हमला**

शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के नए आरोपपत्र का हवाला देते हुए पार्टी में दूसरे नंबर के नेता माने जाने वाले अभिषेक ने एजेंसी पर 'अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम करने' का आरोप लगाया। अभिषेक ने दावा किया कि मुझे यह देखकर आश्चर्य होता है कि सीबीआई इतनी डरी हुई है कि वह अप्रत्यक्ष तरीके से मुझ पर उंगली उठा रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके पास मेरे खिलाफ कार्रवाई के योग्य सबूत नहीं हैं। मैंने यह पांच साल पहले भी कहा था और मैं इसे फिर से कहूंगा कि अगर आप एक भी ऐसा सबूत पेश कर सकते हैं जो मुझे किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से जोड़ता हो, तो आपको आरोपपत्र लिखने की जरूरत नहीं है। बस उन्हें अदालत में साबित करें और फांसी का फंदा तैयार करें। मैं खुशी-खुशी फांसी के फंदे पर लटक जाऊंगा।

**❑ अभिषेक बनर्जी ने भी तय किया सीटों का लक्ष्य**

उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल बजाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से 292 सदस्यीय राज्य विधानसभा में मौजूदा 214 से कम से कम एक अतिरिक्त सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। अभिषेक ने दावा किया कि भाजपा के पास ईडी-सीबीआई-आयकर की तिकड़ी है, जो उसके लिए काम करती है। लेकिन उनमें सड़कों पर लड़ने की हिम्मत नहीं है। हम भाजपा के 'चक्रव्यूह' को तोड़ देंगे। हमने पहले भी ऐसा किया है। ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम इसे फिर से न कर सकें।

## ईद पर दो दिन की छुट्टी! नोटिस विवाद में दोषी अधिकारी को कोलकाता नगर निगम ने किया निलंबित

**कोलकाता :** ईद पर दो दिन की छुट्टी और विश्वकर्मा पूजा पर नहीं कोलकाता नगर निगम की नई अधिसूचना को लेकर पश्चिम बंगाल में विवाद खड़ा हो गया। मामला सामने आते ही सत्ताधारी पार्टी पर एक खास धर्म को तुष्ट करने का आरोप लगाते हुए बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। विवाद बढ़ते ही नगर निगम ने तुरंत कार्रवाई की। बुधवार को संबंधित अधिकारी सिद्धार्थशंकर धारा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और गुरुवार को उन्हें निलंबित कर दिया गया।




कोलकाता नगर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा जारी छुट्टी संबंधी विवादित अधिसूचना को लेकर गुरुवार को नगर आयुक्त धवल जैन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि भविष्य में अधिकारियों को और अधिक सतर्कता बरतनी होगी। खासकर, जहां नीतिगत निर्णय या राज्य सरकार से संबंधित मामला हो, वहां बिना शीर्ष अधिकारियों की स्वीकृति के कोई अधिसूचना जारी नहीं की जा सकती। इस संबंध में प्रत्येक विभाग के नियंत्रक अधिकारी और डीजी को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

सीबीआई निदेशक से मिले आरजीकर पीड़िता के पिता, बोले...

# 'कोलकाता पुलिस ने नहीं की जांच, सबूत मिटाए'

**नई दिल्ली/कोलकाता :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज के दुष्कर्म और हत्या मामले की पीड़िता के पिता ने गुरुवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर उन्होंने कहा कि हमने सीबीआई निदेशक को केंद्रीय एजेंसी की जांच और सीमा पाहुजा द्वारा दिए गए बयान के बारे में सबकुछ बता दिया है। पीड़िता के पिता ने कहा कि सीबीआई निदेशक ने हमें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। हमें उन पर भरोसा है। हमारे स्थानीय विधायक, स्थानीय आयुक्त और पूर्व मुख्य आयुक्त आरोपी हैं। हम उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने हमारी मदद नहीं की और हमारी बेटी के शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार किया। हमें हमारी बेटी का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। इसके पीछे एक बड़ी साजिश है और यह जल्द ही सामने आ जाएगी। संदीप घोष को सजा मिलेगी। कोलकाता पुलिस के पास पर्याप्त समय था, लेकिन उसने जांच नहीं की और सबूत मिटा दिए।

**न्याय के लिए पीड़िता के माता-पिता ने पीएम भेजा ईमेल**

दरिंदगी की शिकार आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के माता-पिता ने न्याय की गुहार लगाते हुए प्रधानमंत्री को एक ईमेल भेजा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही हम इसे सार्वजनिक करेंगे। उन्होंने अपना दुख जाहिर करते हुए कहा कि सात माह बीत चुके हैं। अभी तक न्याय नहीं मिला है। पीड़िता के पिता ने बताया कि वह सीबीआई निदेशक और सुप्रीम कोर्ट के वकील से मिलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते थे कि सीबीआई मामले को अपने हाथ में ले, लेकिन कोर्ट ने उसे मामला सौंप दिया।

## उस्ती में व्यवसायी की हत्या मामले में मुख्य आरोपी समेत 8 गिरफ्तार

**❑ शूटआउट के लिए पांच लाख रुपये की दी गई थी सुपारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के उस्ती के बागड़िया बाजार में हुई गोलीबारी हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी खोखन मंडल समेत कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, गिरफ्तार लोगों से पुलिस ने 3 आग्नेयास्त्र और 8 राउंड कारतूस बरामद किए हैं। बता दें कि गत 6 फरवरी की रात गोलीबारी कर बुद्धदेव हलदर नामक एक व्यवसायी की हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस दावा किया है कि मुख्य आरोपी खोकन को हत्या के लिए पांच लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। डायमंड हार्बर पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जोनल) मिथुन कुमार दे ने बताया कि खोकन इस पूरी घटना का मुख्य आरोपी है।



उसने जमीन कारोबारी की हत्या के लिए पांच लाख रुपए की सुपारी दी थी। बुद्धदेव हलदर की हत्या पूरी योजना के साथ की गई थी। हत्या के बाद से सभी फरार थे और उनके फोन बंद थे। आरोपितों से अन्य जानकारी के लिए पूछताछ की जा रही है। हत्या की वजह के बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि खोकन का बुद्धदेव से शुरू से ही कारोबार को विवाद था। दोनों के बीच भूमि दलाली को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि खोकन को लगा कि बुद्धदेव उसकी हत्या कर सकता है। ऐसे में खोकन ने अपने एक भाई देबाशीष दत्त की मदद से लोगों को इकट्ठा किया और इस पूरे मामले को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि वारदात के बाद से ही इस घटना से जुड़े आरोपियों के फोन बंद थे।

## ट्रॉली कांड में गिरफ्तार मां-बेटी की होगी 'टीआई परेड'!

**कोलकाता :** गंगा घाट पर ट्रॉली में बंद मृत शरीर के साथ पकड़ी गई दो महिलाओं की घटना ने पूरे कोलकाता शहर में सनसनी फैला दी है। बाद में पता चला कि गिरफ्तार दोनों महिलाएं मां और बेटी हैं। गुरुवार को उन्हें बारासात अदालत में पेश किया गया। इससे पहले, बुधवार को कोलकाता नगर दायरा अदालत में पेश किए जाने पर उन्हें एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया था। अदालत के निर्देश के अनुसार, इस मामले की जांच का जिम्मा मध्यग्राम थाना को सौंपा गया है, क्योंकि मुख्य घटना वहीं हुई थी और आरोपी भी उसी क्षेत्र के निवासी हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मध्यग्राम थाना के जांचकर्ता अदालत से टेस्ट आइडेंटिफिकेशन परेड (टीआई परेड) की अनुमति मांगेंगे। इस प्रक्रिया के तहत, गवाहों के सामने आरोपी फाल्गुनी घोष और उनकी मां आरती घोष को अन्य महिलाओं के साथ खड़ा किया जाएगा ताकि उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, पुलिस उस ट्रॉली बैग की भी पहचान करवाने की योजना बना रही है, जिसमें मृत शरीर को रखा गया था।



## फर्जी प्रमाणपत्र से कांस्टेबल भर्ती! कोलकाता पुलिस के 100 कर्मियों पर लगा आरोप

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस में फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए नौकरी पाने का मामला सामने आया है। कथित तौर पर, कई पुलिसकर्मियों ने जाली अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र का उपयोग कर भर्ती हासिल की। आरोप है कि एसटी प्रमाणपत्र दिखाकर करीब 100 कांस्टेबल ने कोलकाता पुलिस में नौकरी पाई। यह मामला 2012 में हुई कोलकाता पुलिस की कांस्टेबल भर्ती से जुड़ा है। आरोप है कि इन 100 पुलिसकर्मियों ने फर्जी एसटी प्रमाणपत्र का उपयोग कर आरक्षित कोटे से नौकरी प्राप्त की। इस संबंध में पश्चिम बंगाल आदिवासी कल्याण समिति ने शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत राज्य सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और कोलकाता पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) को दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

# कोलकाता में ऐप आधारित कैब और बाइक चालकों का प्रदर्शन, यात्रियों को हुई असुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में गुरुवार को ओला-उबर ऐप कैब ऑपरेटर्स एंड ड्राइवर्स यूनियन की ओर से अपनी मांगों के समर्थन में एक विशाल जुलूस निकाला गया। यह जुलूस मौलाली रामलीला पार्क से शुरू होकर धर्मतला तक गया। प्रदर्शनकारी ड्राइवरों ने 12 घंटे के 'ऑफलाइन दिवस' की घोषणा की और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे क्रमिक हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। यूनियन का कहना है कि वे लंबे समय से एग्रीगेटर कंपनियों (ओला, उबर, इनड्राइव, रैपिडो, जत्रिसाथी) और राज्य सरकार को अपनी समस्याओं से अवगत करा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिला है। 12 घंटे के बंद से यात्रियों का एक वर्ग प्रभावित हुआ, जो पिछले कुछ सालों से इस तरह के सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल के अभ्यस्त रहे हैं। यूनियन के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम एग्रीगेट कानून के अनुसार, सालाना कैब किराया तय करने की मांग करते हैं, ताकि इसे तर्कसंगत और व्यावहारिक बनाया जा सके और ऐप के जरिये वाहन सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों द्वारा ऐप आधारित कैब के लिए प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़ाई जा सके। हम गैर-एसी कैब के लिए 25 रुपये प्रति किमी, एसी कैब के लिए 30 रुपये प्रति किमी और ऐप से जुड़ी बाइक के लिए 12 रुपये प्रति किमी किराया तय करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि शहर में काम करने वाली ऐप आधारित लगभग 7,000 कैब और हजारों बाइक मांग के समर्थन में 12 घंटे तक सड़कों पर नहीं उतरीं। यूनियन के नेता ने कहा कि हम यह भी मांग करते हैं कि ऐप के जरिये वाहन सेवा मुहैया कराने वाली कंपनियों को केवल वाणिज्यिक पंजीकरण प्लेट वाली ऐप आधारित बाइकों को ही अनुमति दी जाए और परिवहन विभाग इसमें सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हो तो अधिकारियों को पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऐप आधारित बाइकों के वाणिज्यिक पंजीकरण के लिए 31 मार्च की समय सीमा को एक महीने के लिए बढ़ा देना चाहिए। एआईटीयूसी से संबद्ध 'पश्चिम बंगाल टैक्सी संचालक समन्वय समिति' के महासचिव नवलकिशोर श्रीवास्तव ने कहा कि हमने हड़ताल को नैतिक समर्थन दिया है। हालांकि, यात्रियों ने आरोप लगाया कि गैर-ऐप टैक्सियों ने भारी किराए की मांग की।




# गार्डेनरीच में इमारत के चौथे तल्ले से गिरकर श्रमिक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

गार्डेनरीच थाना इलाके के रामेश्वरपुर रोड स्थित एक पुरानी इमारत के चौथे तल्ले से गिरकर एक श्रमिक की मौत हो गई। मृतक का नाम सैयद सलाउद्दीन (36) बताया गया है। वह मटियाब्रुज थाना क्षेत्र में रहता था। उपरोक्त इमारत के चौथे तल्ले पर पानी की पाइप की मरम्मत कर रहा था, तभी उक्त घटना घटी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सलाउद्दीन को बचाया और एसएसकेएम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, दावा किया जा रहा है कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह दुर्घटना कैसे घटी। गार्डेनरीच थाना ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला है कि उक्त पुरानी इमारत के एक किरायेदार ने सलाउद्दीन को पानी की पाइप के मरम्मत करने के लिए बुलाया था।

पुलिस ने स्थानीय निवासियों से भी बात की। पुलिस ने घटनास्थल से रक्त के नमूने एकत्र किये हैं। इसके अलावा, घटनास्थल से एक नायलॉन की रस्सी और एक लकड़ी का स्टैंड भी जब्त किया गया। हालांकि, पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस मौत में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस घटना में अभी तक कोई आरोप दर्ज नहीं किया गया है। हालांकि, पुलिस मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## राजारहाट में इमारत के निर्माण कार्य के दौरान भूस्खलन में दबे दो मजदूर, अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता, समाज्ञा :** बहुमंजिला इमारत के निर्माण कार्य के दौरान अचानक हुए भूस्खलन दो मजदूर मलबे के नीचे दब गए। पुलिस ने दोनों श्रमिकों को बरामद अस्पताल पहुंचाया। यह घटना उस समय घटी जब राजारहाट के नांगलपोता में 211 मेन रोड के बगल में निर्माणाधीन बहुमंजिला आवासीय इमारत पर काम चल रहा था। जमीन के नीचे दबे दोनों मजदूर श्याम मंडल और अभिजीत मंडल है। ये दोनों भांगड़ के सर्वमंगला पुर इलाके के निवासी हैं। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की सुबह दोनों मिट्टी खोदने का काम कर रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे अचानक पास में भूस्खलन हुआ, जिससे दो श्रमिक फंस गए। आपदा प्रतिक्रिया बल और राजारहाट पुलिस स्टेशन की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। बचाव कार्य शुरू हुआ। सूत्रों के अनुसार, लापता दो श्रमिकों में से श्याम मंडल को सबसे पहले अग्निशमन अधिकारियों और राजारहाट पुलिस स्टेशन की पुलिस ने जीवित बचाया। बाद में, लापता अभिजीत मंडल को बचाया गया। दोनों को गंभीर हालत में राजरहाट रेकजवानी अस्पताल ले जाया गया। इस दुर्घटना से अन्य परियोजना कर्मचारियों में भारी दहशत फैल गई है।

OFFICE OF THE
BLOCK DEVELOPMENT OFFICER
Katwa-II Development Block
Dainhat, Purba Bardhaman
Notice Inviting e-Tender
e-Tenders are invited vide eNIT No.-WB/PURBA-BWN/KAT-II/24-25/045, Date: 25th February, 2025 & WB/PURBA-BWN/KATII/24-25/046, Date: 27th February, 2025 by the BDO, Katwa II Dev. Block, Dainhat, Purba Bardhaman. Intending bidders are requested to visit the website www.wbtenders.gov.in/ for details. Last date of Tender submission 07.03.2025 upto 18:00 hours & 14.03.2025 upto 18:00 hours.
Sd/-
B.D.O.
Katwa-II Development Block

हावड़ा स्टेशन में रिटायरिंग रूम एवं डॉर्मिटोरी अस्थाई रूप से बंद

एतद्द्वारा सभी संबंधित यात्रियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित स्थान पर महत्वपूर्ण नवीनीकरण कार्य के संपादन हेतु हावड़ा स्टेशन में रिटायरिंग रूम एवं डॉर्मिटोरी अविलम्ब प्रभाव से अगली सूचना दी जाने तक अस्थाई रूप से बंद कर दिए गए हैं। नवीनीकरण कार्य के सम्पन्न होने पर संबंधित सेवा पुनः उपलब्ध होगी। असुविधा के लिए खेद है।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा
पूर्व रेलवे
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं. : 353_2024-25, दिनांक 26.02.2025. कार्य का विवरण : एईएन/केडब्ल्यूएई के अधीन एसएसई (पी.वे)/केडब्ल्यूएई (एमएल) अनुभाग में किमी. 89/455 से 131/00 तक पी. वे रखरखाव कार्य। अनुमानित लागत : रु. 1,40,31,704.06; बयाना राशि : रु. 2,20,200। क्रमांक 2, ई-निविदा सं. : 354_2024-25, दिनांक 26.02.2025. कार्य का विवरण : एईएन/एनडीईई के अधीन एसएसई (पी.वे)/एनडीईई अनुभाग में किमी. 46/00 से 89/455 तक पी. वे रखरखाव कार्य। अनुमानित लागत : रु. 1,73,18,860.35; बयाना राशि : रु. 2,36,600। समापन अवधि : प्रत्येक के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : प्रत्येक के लिए 17.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेवसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-638/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

खड़गपुर मंडल के तहत माइनर यूनिटों के अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना

**ई-नीलामी सूचना सं.: केजीपी/सीएटीजी-एमपीएस एंड डब्ल्यूवीएम/2025 दिनांक 26.02.2025** भारत के राष्ट्रपति, भारतीय संघ के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर (2 अदद), शालीमार (1 अदद), झाड़ग्राम (1 अदद), जलेश्वर (3 अदद), कांथी (2 अदद), रूपसा (1 अदद), बेलदा (1 अदद), दांतन (1 अदद), चाकुलिया (1 अदद), मार्कोणा (1 अदद) और पांशकुड़ा (1 अदद) रेलवे स्टेशनों पर एमपीएस यूनिटों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग, **कैटलॉग सं.: केजीपी-एमपीएस-25-04, नीलामी की तिथि: 13.03.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः **12.00 बजे और 14.50 बजे।** ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर (1 अदद), बालेश्वर (2 अदद), सांतरागाछी (1 अदद), मिदनापुर (1 अदद), घाटशिला (1 अदद), झाड़ग्राम (1 अदद), जलेश्वर (1 अदद) और हिजली (1 अदद) स्टेशनों पर डब्ल्यूवीएम की स्थापना, रखरखाव और परिचालन के लिए ई-नीलामी कैटलॉग, **कैटलॉग सं.: केजीपी-डब्ल्यूवीएम-25-01, नीलामी की तिथि: 13.03.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः **15.30 बजे और 17.30 बजे।** ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए शालीमार रेलवे स्टेशन पर 4 एमपीएस यूनिटों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग, **कैटलॉग सं.: केजीपी-एमपीएस-25-05, नीलामी की तिथि: 14.03.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः **10.00 बजे और 11.00 बजे।** ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर (1 अदद), हाउर (1 अदद), आंदुल (1 अदद), कोलाघाट (1 अदद), आबादा (1 अदद), गिरिमैदान (1 अदद), सोरो (1 अदद), आमता (1 अदद), शालीमार (3 अदद) और मौरीग्राम (1 अदद) रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग यूनिटों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग, **कैटलॉग सं.: सीएटीजी-केजीपी-25-03, नीलामी की तिथि: 14.03.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः **12.00 बजे और 14.20 बजे।** ● खड़गपुर मंडल के तहत 05 (पाँच) वर्षों की अवधि के लिए खड़गपुर रेलवे स्टेशन पर 2 कैटरिंग यूनिटों के प्रावधान के लिए ई-नीलामी कैटलॉग, **कैटलॉग सं.: सीएटीजी-केजीपी-25-04, नीलामी की तिथि: 17.03.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय** क्रमशः **12.00 बजे और 12.40 बजे,** जो **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट में सूचित है। एजेंसी/कैटरिंग ठेकेदार इस पर ध्यान दें एवं ई-नीलामी सूचना के विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
(PR-1186) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती में भ्रष्टाचार पर हाई कोर्ट ने गंभीर सवाल उठाए, रिपोर्ट तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार का मामला कोलकाता हाई कोर्ट पहुंचा है। इस मामले में गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि मध्य शिक्षा परिषद ने जानकारी छुपाकर योग्य उम्मीदवारों को वंचित कर अयोग्य उम्मीदवारों को नौकरी दिलवाने का काम किया। गुरुवार को इस मामले में जस्टिस विश्वजीत बसु ने परिषद को तीव्र फटकार लगाई। जस्टिस का सवाल था, लगभग 500 उम्मीदवारों ने सबसे अधिक अंक प्राप्त करने के बावजूद मेरिट लिस्ट में स्थान नहीं पाया। जबकि अयोग्य उम्मीदवारों को मेरिट लिस्ट में स्थान देकर नियुक्ति प्रस्ताव कैसे किया गया? इस पर अदालत ने एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया है।



यह मामला 2009 में प्रारंभिक शिक्षक पद पर भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के बाद शुरू हुआ था। 2011 में लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी, लेकिन बाद में यह परीक्षा भी रद्द कर दी गई। इसके बाद 2014 में 18 मार्च को फिर से लिखित परीक्षा आयोजित की गई और 11 नवंबर 2014 को उत्तर 24 परगना प्राथमिक शिक्षा परिषद ने साक्षात्कार प्रक्रिया शुरू की थी। इस मामले में जस्टिस राजशेखर मंथा के न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी। परिषद द्वारा जमा की गई सूची के आधार पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति का आदेश दिया गया था, लेकिन इस दौरान अदालत में जानकारी छुपाने का गंभीर आरोप सामने आया। इस मामले में 500 उम्मीदवारों की ओर से अदालत में वकील आशिष कुमार चौधरी ने याचिका दायर की थी। उन्होंने अदालत में कहा कि इन 500 उम्मीदवारों के अधिक अंक होने के बावजूद उन्हें मेरिट लिस्ट में स्थान नहीं दिया गया और अयोग्य उम्मीदवारों को जगह दी गई। इसके बाद अदालत ने इस मामले पर पूर्ण रिपोर्ट तलब की है।

# चोपड़ा के विधायक के सुरक्षा गार्ड की रहस्यमयी मौत, होटल से शव बरामद

## गार्ड की महिला साथी को लिया गया हिरसात में, पूछताछ जारी

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के चोपड़ा के तृणमूल विधायक हमीदुल रहमान के सुरक्षा गार्ड मो. सुल्तान (54) की रहस्यमय मौत से सनसनी फैल गई है। सुरक्षा गार्ड का शव गुरुवार की दोपहर उनके होटल के कमरे से बरामद किया गया। पुलिस ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि मौत कैसे हुई। इस घटना में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। कहा जा रहा है कि घटना के दौरान विधायक हमीदुल रहमान कोलकाता में पार्टी के सम्मेलन में गए थे। इस दिन, दोपहर में विधायक के सुरक्षा गार्ड इस्लामपुर के तीस्तापार स्थित एक होटल में गया था। बताया जा रहा है कि उसके साथ एक महिला भी थी। सुरक्षा गार्ड दोपहर बाद अपने होटल के कमरे में बेहोश पाया गया। महिला ने मामले की जानकारी होटल स्टाफ को दी। इसके बाद, पुलिस को सूचित किया गया। इस्लामपुर थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। गार्ड को अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मो. सुल्तान को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सुरक्षा गार्ड की मौत को लेकर तमाम तरह के सवाल उठाये जा रहे है। इस्लामपुर थाना पुलिस ने महिला से प्रारंभिक पूछताछ की। महिला ने बताया कि घटना के दौरान वह थोड़ी देर के लिए बाथरूम में गई थी। बाद में, उसने देखा कि, मो. सुल्तान को बेहोश है। पुलिस ने आगे की जानकारी के लिए महिला को हिरासत में लिया है। होटल के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। जांचकर्ताओं ने उस होटल के कमरे की भी तलाशी ली। उस कमरे को भी फिलहाल सील कर दिया गया है। मृतक सुल्तान का घर मालदह जिले में है। वह 15 वर्षों तक विधायक हमीदुल रहमान के सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से सोदपुर में दो महिलाओं की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर रेलवे स्टेशन पर पटरी पार करते समय एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई। इनमें से एक महिला का पहचान हो गई है, जबकि एक की पहचान नहीं हो सकी है। रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने कहा कि दो महिलाओं में से एक का शव पटरियों के पास गिर गया, जबकि दूसरी हाटे बाजारे एक्सप्रेस के इंजन के इंजन के काउ कैचर में फंस गई और उसे नैहाटी स्टेशन पर निकाला गया। ये टर्मिनल सियालदह स्टेशन से प्रस्थान करने के बाद ट्रेन का पहला निर्धारित स्टॉप था। उन्होंने बताया कि घटना रात करीब 10 बजे हुई जब दोनों महिलाएं रेलवे ट्रैक पार करते समय तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गईं। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान कोयल रॉय के रूप में हुई है जबकि दूसरी महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

# पानागढ़ हादसे का मुख्य आरोपी बबलू यादव गिरफ्तार

**पश्चिम बर्दवान :** जिले के पानागढ़ के पास राजमार्ग पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक एसयूवी के साथ कथित रेस करते समय एक कार के पलट जाने से 27 वर्षीय महिला की मौत के सिलसिले में गुरुवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जब रविवार की देर रात यह दुर्घटना हुई तब गिरफ्तार व्यक्ति कथित तौर पर एसयूवी चला रहा था। आरोपी का नाम बबलू यादव है। बबलू यादव उस सफेद कार का मालिक है। बताया गया है कि आरोपी को जिले के अंडाल इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया और उसे कांकसा थाने ले जाया गया। इसी थाना क्षेत्र में यह दुर्घटना हुई थी। शुरू में, यह दावा किया गया था कि एसयूवी में सवार लोगों ने इवेंट मैनेजमेंट के पेशे



से जुड़ी महिला पर अभद्र टिप्पणियां कीं, जिसके बाद वह अपनी कार तेज गति से चलाने लगीं और इस वजह से दुर्घटना हुई। हालांकि, पुलिस ने सोमवार को इस आरोप को खारिज कर दिया। पुलिस ने पहले दावा किया था कि इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला है कि महिला की कार गिरफ्तार व्यक्ति के वाहन का पीछा कर रही थी।

# मुर्शिदाबाद में सिराजुद्दौला की संपत्ति नदी में डूब रही है, ऐतिहासिक धरोहर को बचाने की पहल नहीं

## हाईकोर्ट ने हेरिटेज कमीशन की निष्क्रियता पर जताई चिंता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद में सिराजुद्दौला की संपत्ति नदी में डूब रही है, जो एक ऐतिहासिक धरोहर मानी जाती है। हालांकि, इस महत्वपूर्ण धरोहर को संरक्षित करने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। इस मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान, मुख्य न्यायमूर्ति टीएस शिवगणनम ने हेरिटेज कमीशन को तीखी फटकार लगाई और कहा कि राज्य में ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण में कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने महाबलीपुरम और कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद रॉक के संरक्षण का उदाहरण देते हुए राज्य सरकार से अगले सप्ताह तक इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा। इसके साथ ही, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को इस मामले में शामिल करने का भी निर्देश दिया।

मुख्य जस्टिस ने इस दौरान कहा कि मुर्शिदाबाद में सिराजुद्दौला के अंतिम स्मारक को महाबलीपुरम के तरीके से संरक्षित किया जा सकता है, लेकिन राज्य के हेरिटेज कमीशन द्वारा इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं और वह निष्क्रिय बना हुआ है। उन्होंने यह भी सवाल किया, क्या राइटर्स बिल्डिंग के बारे में कोई सिफारिश की गई है? इतिहास संरक्षण के संदर्भ में उन्होंने यह भी कहा, हेरिटेज क्षेत्रों में बड़े-बड़े हायराइज बिल्डिंग बन रहे हैं, जबकि पुरानी धरोहरों को बचाने के बजाय उन्हें तोड़ा जा रहा है। कुछ भी तोड़ना आसान है, 48 घंटे में किया जा सकता है, लेकिन उसे फिर से नहीं बनाया जा सकता।

सरकारी वकील सुमिता बंद्योपाध्याय ने अदालत में दावा किया कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1758 में बंगाल के आखिरी नवाब सिराजुद्दौला की संपत्ति को नष्ट कर दिया था, और उस समय केवल 9 बीघा जमीन थी, जो अब भागीरथी नदी की धारा में बहती जा रही है। उन्होंने अदालत से इस मामले में और समय देने की अपील की। इस पर मुख्य न्यायमूर्ति ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, जो इतिहास बचा है, अगर उसे संरक्षित नहीं किया गया तो 9 बीघा भी नहीं रहेगा। उन्होंने महाबलीपुरम और कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद रॉक के संरक्षण का उदाहरण देते हुए कहा, वहां पुल भी बनाया गया है। मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

# कोलकाता मेट्रो में अब एक बार में मिलेंगे कई पेपर क्यूआर टिकट

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता 28 फरवरी 2025 यानी आज से पेपर क्यूआर आधारित मल्टीपल टिकट की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इस नई सुविधा के तहत यात्री एक ही लेनदेन में अधिकतम 7 पेपर क्यूआर टिकट खरीद सकते हैं। यह सुविधा कोलकाता मेट्रो की सभी लाइनों पर लागू होगी, सिर्फ पर्पल लाइन को छोड़कर।

यात्री आवश्यक किराए का भुगतान कैश या यूपीआई मोड से बुकिंग काउंटर पर कर सकते हैं। फिलहाल, प्रत्येक यात्री को केवल एक ही पेपर क्यूआर टिकट खरीदने की अनुमति थी।

इस सुविधा से टिकट काउंटरों पर लगने वाली लंबी कतारों को कम करने और यात्रियों के प्रतीक्षा समय



को घटाने में मदद मिलेगी।

पिछले महीने, कोलकाता मेट्रो ने डिजिटल लेनदेन के मामले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जहां 30% से अधिक टिकटों की खरीद डिजिटल मोड से की गई। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे डिजिटल लेनदेन को अपनाएं और ऑनलाइन टिकट पहले से ही बुक करें ताकि टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों से बचा जा सके, खासकर व्यस्त समय के दौरान।

# सुदीप्त सेन के खिलाफ लंबित मामलों पर हाईकोर्ट ने राज्य से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने सारदा चिटफंड घोटाले के मुख्य आरोपित सुदीप्त सेन के खिलाफ लंबित मामलों की संख्या जानने के लिए राज्य सरकार से चार हफ्ते के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। गुरुवार को न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कांत की खंडपीठ ने यह निर्देश दिया। यह आदेश उस सुनवाई के दौरान आया, जिसमें कोलकाता के चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट को लिखे गए सुदीप्त के पत्र पर चर्चा हो रही थी। उल्लेखनीय है कि सुदीप्त सेन को 2013 में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह जेल में हैं। उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए, जिनमें से कुछ में उन्हें जमानत भी मिल चुकी है। 2020 में, सुदीप्त सेन ने प्रेसिडेंसी जेल से कोलकाता के चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट को 18 पन्नों का पत्र भेजा था। इसमें उन्होंने खुलासा किया था कि निवेशकों से जुटाई गई करोड़ों रुपये की राशि किस तरह 'लूटी' गई। उन्होंने यह भी बताया था कि विपक्षी दलों के कुछ नेताओं और उनकी अपनी कंपनी के कुछ कर्मचारियों ने किस तरह पैसे लिए। इस पत्र के आधार पर बिधाननगर एमपी-एमएलए कोर्ट ने जांच के आदेश दिए थे। इस दिन, सुनवाई में हाईकोर्ट ने इस पत्र से जुड़े मामले में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। 2024 में, सुदीप्त सेन ने जेल से ही सीधे अदालत में 'प्रिज़नर्स पिटीशन' दाखिल की थी। इसके बाद, हाईकोर्ट ने इस मामले में दखल दिया। इस याचिका में उन्होंने उल्लेख किया था कि उनके पास कोई वकील भी नहीं है। इसके बाद, हाईकोर्ट ने जेल प्रशासन को उनके लिए वकील नियुक्त करने का आदेश दिया था। अब हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह सुदीप्त सेन के खिलाफ लंबित मामलों की सही संख्या बताने के लिए चार हफ्ते में रिपोर्ट पेश करे।

# वर्ल्ड प्रोटीन डे पर सर्वे: 65% भारतीय बादाम को उच्च-प्रोटीन स्नैक मानते हैं

**कोलकाता, समाज्ञा**

वर्ल्ड प्रोटीन डे के अवसर पर आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया और यूगोव द्वारा किए गए सर्वे में यह सामने आया है कि भारत में 65% लोग बादाम को एक उच्च-प्रोटीन स्नैक मानते हैं। यह सर्वे भारत के 17 शहरों में 4,300 लोगों पर किया गया। छोटे शहरों में बादाम की पहचान प्रोटीन स्रोत के रूप में ज्यादा है, जैसे लखनऊ (38%), तिरुवनंतपुरम (37%) और कोयंबटूर (34%) में।

इस सर्वे के अनुसार, बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जैसे प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, फाइबर, मैग्नीशियम और पोटेशियम। विशेषज्ञों का कहना है कि यह शरीर को ऊर्जा और मांसपेशियों की रिकवरी में मदद करता है।

इसके अलावा, 47% लोग बादाम को इसके उच्च प्रोटीन की वजह से पसंद करते हैं। मांसपेशियों की रिकवरी में बादाम की भूमिका के बारे में बात करते हुए, रितिका समद्दर, रीजनल हेड - डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली ने कहा, बादाम रोजाना की डाइट में एक बेहतरीन संकलन हैं। इन्हें कहीं भी खाया जा सकता है, ये बेहद वर्सेटाइल, सुविधाजनक हैं, और विभिन्न रूपों में खाए जा सकते हैं।

# दक्षिणेश्वर-कवि सुभाष तक रात में मेट्रो बढ़ाने की मांग पर जनहित याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक रात 9:40 बजे के बाद मेट्रो सेवाओं में वृद्धि करने की मांग को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं ने रात 9:40 बजे के बाद पांच मिनट के अंतराल पर चार अतिरिक्त मेट्रो चलाने की मांग की है। हालांकि, इस मामले में हाई कोर्ट ने फिलहाल कोई हस्तक्षेप नहीं किया है और मेट्रो प्राधिकरण को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि रात 9:40 बजे के बाद एक घंटे में केवल दो मेट्रो चलाई जा रही हैं, जिससे यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी कठिनाई हो रही है। उनका कहना है कि इस समय के दौरान मेट्रो की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, और कम से कम चार मेट्रो चलाने की आवश्यकता है।

केंद्र सरकार के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती ने इस मामले में जवाब देते हुए कहा कि सिग्नलिंग स्टाफ के शिफ्ट, मेट्रो कोच की संख्या और अन्य कर्मचारियों के शिफ्टिंग की समस्याओं के कारण इस मांग को पूरा करना संभव नहीं है। इस पर मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने हस्तक्षेप न करने का निर्णय लिया। उनका कहना था कि मेट्रो प्राधिकरण इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेगा, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मेट्रो को इस पर विचार करना चाहिए।

कोलकाता मेट्रो की सेवा रोजाना सुबह 6:50 बजे से दक्षिणेश्वर और कवि सुभाष से शुरू होती है और रात 9:40 बजे आखिरी मेट्रो चलती है। इसके बाद, रात 10:30 बजे एक विशेष मेट्रो चलती है। हालांकि, 50 मिनट के लंबे अंतराल के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कोविड-19 महामारी से पहले मेट्रो थोड़ी देर तक चलती थी, लेकिन उस समय रात की विशेष मेट्रो सेवा नहीं थी।

### बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने अपने अवॉर्ड पार्टनर एशिया इंश्योरेंस रिव्यू के साथ मिलकर ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स (जीआईईए) की घोषणा की है। इस पुरस्कार का उद्देश्य एशिया, मिडल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीका में जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस के एडवाइजर्स के योगदान को सम्मानित करना है। इंश्योरेंस उद्योग के विशेषज्ञों से बने पैनल द्वारा इन पुरस्कारों का मूल्यांकन किया जाएगा। यह पुरस्कार 11 श्रेणियों में दिए जाएंगे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ हेल्थ इंश्योरेंस एडवाइजर और सर्वश्रेष्ठ मोटर इंश्योरेंस एडवाइजर शामिल हैं। बजाज आलियांज के एमडी और सीईओ, तपन सिंघल ने कहा, हमारा उद्देश्य इंटरनेशनल स्तर पर उत्कृष्टता को पहचानना और इंश्योरेंस इंडस्ट्री में नवाचार को बढ़ावा देना है। पुरस्कारों की घोषणा वर्ष 2025 के अंत में होगी। जीआईईए के लिए नामांकन 19 फरवरी से 20 मार्च 2025 तक होगा।

# निक्को पार्क के पास डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, चालक घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधान-नगर के साल्टलेक इलाके में निक्को पार्क के पास गुरुवार को डिवाइडर से टकराने के बाद एक कार पलट गई। पुलिस के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 5.30 बजे चिंगरीघाटा फ्लाईओवर से उतरने के बाद कार ने नियंत्रण खो दिया और साल्टलेक के सुकांता नगर के पास डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। कार में ड्राइवर के अलावा कोई नहीं था। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वाहन का चालक सो गया था। और उस समय कार की गति कम से कम 80 किलोमीटर थी। कार सड़क के किनारे बने फुटपाथ से टकराई और तुरंत पलट गई। कार काफी देर तक सड़क पर उल्टी पड़ी रही। बिधान-नगर दक्षिण पुलिस स्टेशन इस बात की जांच कर रहा है कि यह घटना चालक के नशे में रहने की वजह से हुई या वाहन की तेज गति के कारण।

# विश्व नवकार मंत्र दिवस के आयोजन का बैनर विमोचन हुआ

**कोलकाता, समाज्ञा :** तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम् अधिशास्ता युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी (ठाणा-3) के सानिध्य में जेआईटीओ द्वारा आयोजित आगामी 9 अप्रैल 2025 को होने वाले विश्व नवकार मंत्र दिवस के आयोजन का बैनर विमोचन तेरापंथ भवन, 9ए, अणुव्रत कोलकाता में किया गया। इस कार्यक्रम में मुनिश्री जिनेश कुमार जी विराजमान थे और उन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए अपनी उपस्थिति की स्वीकृति प्रदान की, जिससे कार्यक्रम को एक और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त हुई।




समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में इस आयोजन का शुभारंभ हुआ। प्रमुख रूप से इस कार्यक्रम में साउथ सभा के अध्यक्ष विनोद चोरड़िया, महप्रज्ञ महाश्रमण रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष सुरेंद्र दुगड़, कोलकाता सभा के अध्यक्ष अजय भंसाली, कोलकाता सभा के निवर्तमान अध्यक्ष बुधमल जी लुनिया, जीतो के एक संयोजक एवं नवलखा जेन मंदिर पोलोक स्ट्रीट के अध्यक्ष चंद्रेश मेघाणी, दिलेश पटेल, विजय बावलिया, बिनोद संचेती प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

खचाखच भरे प्रवचन पंडाल में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में बैनर विमोचन हुआ, और कार्यक्रम का उद्घाटन ॐ अहम की ध्वनि से किया गया, जिससे वातावरण में एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। मुनिश्री जिनेश कुमार जी की सारगर्भित वाणी ने सभी जैन भाई-बहनों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और इसके सफल आयोजन का मार्ग प्रशस्त किया। जीतो के सदस्यों ने मुनिश्री के प्रति अपनी कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता की कामना की। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी ने मिलकर आशा व्यक्त की कि यह दिन समस्त जैन समुदाय के लिए मंगलमय साबित होगा और सभी को नवकार मंत्र के अद्भुत लाभों से अवगत कराएगा। यह एक जैन एकता के लिए अत्यधिक प्रभावकारी सिद्ध होगा।

# श्रीरामपुर में रेलवे की जमीन से हॉकरों को हटाने पर हाईकोर्ट ने दिया स्थगनादेश

## 13 मार्च को होगी इस मामले की अगली सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रीरामपुर स्टेशन के पास रेलवे की जमीन से ठेलेवालों को हटाने का काम 21 मार्च तक स्थगित कर दिया है। कोलकाता हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। इस आदेश के तहत, हावड़ा के डीआरएम को ठेलेवालों के दस्तावेजों की जांच करने और अपने पक्ष में बयान देने का अवसर प्रदान किया गया है। अदालत ने 13 मार्च को इस मामले की अगली सुनवाई तय की है और उसी दिन रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। रेलवे ने अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन के पास स्थित जमीन से ठेलेवालों को हटाने का फैसला लिया था। इसके तहत रेलवे ने श्रीरामपुर में ठेलेवालों को हटाने का नोटिस भी जारी किया था। इस नोटिस को चुनौती देते हुए ठेलेवालों ने हाईकोर्ट का रुख किया था। मंगलवार को इस मामले पर गौर करते हुए, जस्टिस अमृता सिन्हा ने इस मामले को अदालत में दायर करने की अनुमति दी। मामला दायर करने वाले ठेलेवालों का आरोप है कि वे उस जमीन पर 50 साल से अधिक समय से व्यापार कर रहे हैं और उनके पास व्यापार करने के लिए वैध लाइसेंस भी है। इसके बावजूद, रेलवे ने उनका पुनर्वास करने की कोई व्यवस्था नहीं की और बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें हटाने का नोटिस दिया। रेलवे के नोटिस में यह कहा गया था कि ठेलेवालों को 27 फरवरी तक अपनी दुकानें खाली करनी होंगी, नहीं तो उनकी दुकानें हटा दी जाएंगी। 27 फरवरी की समय सीमा समाप्त होने से पहले ही, ठेलेवालों ने तुरंत सुनवाई के लिए आवेदन किया और अदालत ने इस मामले में ठेलेवालों को हटाने पर स्थगन आदेश जारी किया।

# महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे की पहल

**कोलकाता :** भारतीय रेलवे ने महाकुंभ में भाग लेने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशाल लॉजिस्टिक प्रयास किए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने विभिन्न शहरों से विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। दक्षिण पूर्व रेलवे हमेशा यात्रियों की सुविधा के लिए तत्पर रहता है और महाकुंभ तीर्थयात्रियों के लिए भी विशेष ट्रेनों का संचालन किया है। दक्षिण-पूर्वी रेलवे ने रांची, झारखंड की राजधानी से रांची-तुंडला-रांची विशेष ट्रेन की दो जोड़ियाँ चलाई हैं। इसके अलावा टाटानगर-तुंडला-टाटानगर के बीच भी एक विशेष ट्रेन चलाई गई है। इसके अतिरिक्त, दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में विशेष ट्रेनें भी चलाई गई हैं, जैसे कि- टिटलगढ़-तुंडला-टिटलगढ़ (छह जोड़ियाँ), भुवनेश्वर-तुंडला-भुवनेश्वर (छह जोड़ियाँ), पुरी-तुंडला-पुरी (तीन जोड़ियाँ), तिरुपति-बनारस-तिरुपति विशेष (चार जोड़ियाँ), नरसापुर-बनारस-नरसापुर विशेष (दो जोड़ियाँ)। इसके अलावा, छह जोड़ी नियमित ट्रेनें भी दक्षिण-पूर्वी रेलवे क्षेत्राधिकार में प्रयागराज में रुकती हैं। रांची, टाटानगर, बोकारो, राउरकेला, पुरुलिया, बालेश्वर, खड़गपुर, कोलकाता और अन्य स्थानों से तीर्थयात्रियों ने दक्षिण-पूर्वी रेलवे क्षेत्र से यात्रा की है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर विशेष इंतजाम किए हैं। अतिरिक्त हेल्प डेस्क, पेयजल, सफाई, प्राथमिक चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। साथ ही, रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस, रेलवे कर्मचारियों, स्काउट्स और गाइड्स, और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की विशेष टीमों ने भीड़ को कुशलता-पूर्वक प्रबंधित किया। प्रमुख स्टेशनों पर सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है और स्टेशनों और ट्रेनों में गश्ती प्रणाली को मजबूत किया गया है। रेलवे प्रशासन ने विशेष ट्रेनों के समय पर संचालन के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की है, ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। विशेष ध्यान खानपान सेवाओं पर भी दिया गया है और अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से गुणवत्ता वाला भोजन प्रदान किया जा रहा है। यात्रियों को प्लेटफार्मों पर बिना वजह एकत्रित न होने की चेतावनी देने के लिए और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से माइकिंग की व्यवस्था की गई है।

# हावड़ा-बर्दवान मेनलाइन सेक्शन में ट्रेन संचालन प्रभावित



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा-बर्दवान मेनलाइन सेक्शन में गुरुवार की सुबह करीब 08:15 बजे ट्रेन संचालन प्रभावित हुआ। जब बंडेल-हावड़ा लोकल (37228 डाउन) ट्रेन का पेंटोग्राफ बंडेल प्लेटफॉर्म नं. 3 से रवाना होते समय ओवरहेड वायर से उलझ गया। इसी दौरान, बर्दवान-हावड़ा लोकल (37824 डाउन) ट्रेन का पैंटोग्राफ भी बंडेल प्लेटफॉर्म नं. 2 के पास पहुंचते ही ओवरहेड वायर से उलझ गया। इस कारण से, बंडेल प्लेटफॉर्म नं. 2 और 3 के ओवरहेड वायर भी टूट गए। मौके पर तुरंत टॉवर वैन कर्मचारी पहुंचे और आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू कर दिया।

# बारासात में चोरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार व 11 लाख रुपये बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारासात चौधरीपाड़ा इलाके में हुई बड़ी चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में दो पेशेवर चोरों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 11 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। बता दें कि बारासात चौधरीपारा निवासी सुलेता चक्रवर्ती कुंभ मेले में स्नान के लिए गई थीं। जब वह घर लौटीं, तो पाया कि उनके घर से 14 लाख रुपये चोरी हो गए हैं। यह रकम उन्होंने हाल ही में जमीन बेचने के बाद प्राप्त की थी, जिसमें से 7 लाख रुपये बैंक में जमा कराए थे और बाकी घर में रखे थे। चोरी की शिकायत मिलने के बाद बारासात पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और दो संदिग्धों



की पहचान की। गहन जांच के बाद पुलिस ने भानगढ़ से करीम और टेंगरा थाना क्षेत्र से आसिफ को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पेशेवर चोर हैं और अलग-अलग जगहों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। हालांकि, बारासात में चोरी का उनका कोई पूर्व रिकॉर्ड नहीं था। वारदात के दिन, वे इलाके से गुजर रहे थे और उन्हें घर में किसी के न होने की जानकारी मिली। इसी का फायदा उठाकर उन्होंने घर का दरवाजा तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि गिरफ्तार चोरों का किसी बड़े गिरोह से संबंध तो नहीं है।

# 'चाचा ने तकिये से मुंह दबा दिया था और मैंने मरने का नाटक किया'

❑ **टेंगरा कांड में जीवित किशोर ने बाल संरक्षण आयोग को बताया घटना**
❑ **बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने अस्पताल में किशोर से की मुलाकात**



**कोलकाता, समाज्ञा :** टेंगरा कांड में दे परिवार के जीवित बचे किशोर प्रतीप दे ने बाल संरक्षण आयोग के समक्ष अपनी मां, चाची और बहन की मौत के बारे में खुलासा किया है। बाल संरक्षण आयोग की सलाहकार अनन्या चक्रवर्ती और अन्य प्रतिनिधि एनआरएस अस्पताल में उससे मिलने गए। अनन्या ने अस्पताल से बाहर आकर बताया कि किशोर ने दावा किया है कि उसके चाचा प्रसून ने उसकी मां, चाची और बहन को मार डाला। सबसे पहले अन्य लोगों की तरह उसे भी नींद की गोलियों के साथ दलिया खिलाया गया। बाद में, उसके चाचा उसके चेहरे पर तकिया रखकर मारने आए। लेकिन, उसकी ताकत अधिक थी। वह व्यायाम करता है। इसलिए वह उसे मार नहीं सके। उसने सांस लेना बंद कर दिया और कुछ देर तक मृत होने का नाटक करते हुए वहीं पड़ा रहा। उसके चाचा को लगा कि वह मर चुका है। उसके बाद, उसके चाचा उसे छोड़कर कहीं और चले गए। उसने कहा कि उसके पिता और चाचा ने छत से कूदकर आत्महत्या करने की योजना बनाई थी। लेकिन आखिरी समय पर मेरी मां और चाची ने छत पर जाने से इन्कार कर दिया। फिर, पिता और चाचा ने उन्हें जबरन मार डाला। जब उसने देखा कि वह जीवित है, तो वह दूसरों को ढूंढने के लिए ऊपर चला गया। उसने अपनी मां, चाची और बहन को निश्चल पड़े देखा। उसे यह समझाया गया कि मृत्यु के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है।

❑ **कोई रिश्तेदार किशोर की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता**

अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद भी प्रतीप का भविष्य अनिश्चित है। कोई भी रिश्तेदार उसकी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता है। सूत्रों के अनुसार, भट्टेश्वर के एक परिवार ने उसे गोद लेने की इच्छा जताई है। प्रतीप ने बाल संरक्षण आयोग को बताया कि वह शतरंज खेल सकता है। कुछ महीने पहले ही प्रतीप को पारिवारिक व्यवसाय में मंदी का अहसास हुआ था। उसने सोचा कि वह शतरंज टूर्नामेंट खेलकर पैसा कमा सकता है और अपने परिवार की पीड़ा कम कर सकता है। लेकिन उससे पहले उसे अपने परिवार को मारने की योजना के बारे में पता चलता है। उसने परिवार के सदस्यों को एक साथ बैठकर इस मामले पर बात करते हुए सुना। लेकिन उस चर्चा में उसे उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी गई। घर से बाहर निकाल दिया गया।

❑ **पूरी घटना से स्तब्ध हैं राज्य बाल संरक्षण आयोग के प्रतिनिधि**

प्रतीप, उसके पिता प्रणय और चाचा प्रसून को फिलहाल एनआरएस अस्पताल में रखा गया है। वे अलग-अलग कमरों में पुलिस की निगरानी में हैं। राज्य बाल संरक्षण आयोग के प्रतिनिधि 14 वर्षीय प्रतीप से मिलने वहां गए। अनन्या ने बताया कि हम पूरी घटना से स्तब्ध हैं। चाहे कितना भी कर्ज हो, मुझे नहीं लगता कि किसी को भी इस तरह से पूरे परिवार को नष्ट करने का अधिकार है।

## मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में यूट्यूबर को हाईकोर्ट से राहत

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य नेताओं के खिलाफ यूट्यूब पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में आरोपी के खिलाफ दायर मामला कोलकाता हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने केस डायरी की प्राप्त जानकारी की गहनता से जांच करने के बाद पाया कि प्रारंभिक दृष्टिकोण से आरोपी के खिलाफ कोई उपयुक्त या पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। कोर्ट ने कहा कि असंगत जानकारी और कमजोर सबूतों के आधार पर चार्जशीट दाखिल की गई है, इसलिए आरोपी के खिलाफ मामला आगे बढ़ाना निरर्थक होगा। न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता ने अपने फैसले में कहा कि यदि इस मामले की सुनवाई जारी रखी जाती भी है, तो आरोपी को सजा मिलने की संभावना न के बराबर है। ऐसे में आरोपी की अपमानित होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए, इस आपराधिक मामले को आगे बढ़ाना अनुचित होगा और न्याय के हित में इसे खारिज कर दिया गया।

2022 में, सौरव पाल और अन्य व्यक्तियों पर आरोप था कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिससे शांति भंग और सामाजिक व्यवस्था में गड़बड़ी हुई थी। सौरव का कहना था कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोई ठोस आधार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये आरोप केवल उन्हें अपमानित करने के लिए लगाए गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली/कोलकाता**

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। इस लिस्ट में स्मिता दास डे, रीतोब्रोतो कुमार मित्रा, मोहम्मद तलय मसूद सिद्दीकी, कृष्णराज ठाकर और ओम नारायण राय शामिल हैं। कोलकाता हाई कोर्ट के लिए कुल स्वीकृत 72 जजों में से वर्तमान में 44 जज हैं और 28 पद खाली हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की गत 25 फरवरी को हुई बैठक में इन पांच अधिवक्ताओं को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

## महेशतला में चाय की दुकान में लगी आग, पूरा सामान जलकर राख

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के महेशतला थाना अंतर्गत मेहमानपुर बजबज टैंक रोड पर गुरुवार की सुबह 5.20 बजे एक चाय की दुकान में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों के आगे उनकी कोशिश नाकाम रही। सूचना मिलते ही महेशतला थाना पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा दो फ्रिज समेत सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। आग की लपटों से आसपास की कई दुकानें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि, आग से हुए नुकसान का सही आंकलन अभी नहीं हो पाया है। पुलिस और अग्निशमन विभाग इस घटना के सटीक कारणों की जांच कर रहे हैं। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट आग लगने की वजह हो सकती है।

## विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल में 'स्वाभिमान यात्रा' निकालेगा आरएसएस

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में अगले विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हिंदुत्व को फिलहाल पीछे रखकर बंगाल के 'स्वाभिमान' को जगाने पर जोर दे रहा है। इस रणनीति के तहत संघ राज्य में बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। हाल ही में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बंगाल का 10 दिनों का लंबा दौरा किया, जो ऐतिहासिक माना जा रहा है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बैठकों में स्वयंसेवकों से चर्चा की और पांच प्रमुख योजनाओं (पंचयोजना) पर फोकस करने की बात कही।

आरएसएस के पूर्वी क्षेत्र के सह-प्रचार प्रमुख डॉ. जिष्णु बोस ने बताया कि इन पांच विषयों को लेकर संघ घर-घर अभियान चलाएगा और हर हिंदू तक पहुंचेगा। यह आरएसएस की 100 साल की योजना का हिस्सा है।

संघ की रणनीति है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य के हिंदू मतदाताओं का 100% मतदान सुनिश्चित किया जाए, जिससे असम या ओडिशा की तरह बंगाल में भी हिंदुत्व की विचारधारा को मजबूती मिल सके। हालांकि, जिष्णु बोस ने इसे राजनीतिक पहल करार देने से इनकार किया और इसे नागरिक कर्तव्य से जोड़कर देखा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, दिल्ली के एम्स अस्पताल में देशभर से गरीब मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन वहां कोई गंदगी नहीं फैलाता। वहीं, कोलकाता के एसएसकेएम या मेडिकल कॉलेज की हालत देखें! यह नागरिक कर्तव्य सिखाने की जरूरत है।

# न्यूटाउन में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में रंग मिस्त्री गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन इलाके में फिर नाबालिग से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में एक रंग मिस्त्री को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम कौसर अली उर्फ बापी अली (32) है। बताया गया है कि गत बुधवार की दोपहर पुलिस ने आरोपी को इकोपार्क थाना अंतर्गत जात्रागाछी-घुर्नी इलाके से गिरफ्तार किया है। पता चला है कि पीड़िता 10 वर्षीय नाबालिग है और वह न्यूटाउन के जांगड़ा ग्राम पंचायत के घुर्नी टिया बागान पाड़ा की निवासी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आरोपी बापी पिछले कई दिनों से पीड़िता के टिया बागान के घर का रंग का काम कर रहा था। बुधवार की सुबह भी वह काम पर गया। वह नीचे के कमरे में रंग का काम कर रहा था। उस समय



नाबालिग के परिवार के अधिकांश सदस्य बाहर गए हुए थे। खाली मकान में मौका पाकर बापी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर चौथी मंजिल स्थित कमरे में ले गया। कथित तौर पर उसने वहां लड़की का यौन उत्पीड़न किया। दोपहर में जब परिवार के सदस्य घर लौटे तो नाबालिग रोने लगी और पूरी कहानी परिवार को बताई। परिवार ने आरोपी के खिलाफ इकोपार्क थाने में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को पोक्सो अधिनियम की कई धाराओं के तहत गिरफ्तार किया। नाबालिग की मेडिकल जांच भी की जाएगी।

## कैखाली में फुचका विक्रेता पर नाबालिग से अपने निजी अंगों को स्पर्श कराने का आरोप, तलाश में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक नाबालिग को शौचालय में ले जाकर फुचका विक्रेता पर उससे यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। कथित तौर पर फुचका विक्रेता ने अपनी पैंट उतारकर उससे अपने निजी अंगों को स्पर्श कराया। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना बुधवार की शाम बागुइआटी थाना अंतर्गत कैखाली इलाके में घटी। आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश जारी है। परिवार की शिकायत के अनुसार, बुधवार की शाम करीब 7.45 बजे 13 वर्षीय नाबालिग कैखाली स्थित आवास परिसर पीएस मैग्नम के पास फुचका विक्रेता राहुल चंद्र बंशी (20) से फुचका खरीदने गया था। तभी, आरोपी फुचका विक्रेता किशोर को मैग्नम की पहली मंजिल के शौचालय में ले गया। वहां उसने कथित तौर पर अपनी पैंट उतारकर उससे अपने निजी अंगों को स्पर्श कराया। आरोपी ने किशोर को धमकी दी कि वह बात को गुप्त रखे। इसके बाद, वह घर लौटकर मामले की जानकारी परिवार को दी और परिवार ने रात में ही बागुईआटी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। किशोर को मेडिकल जांच के लिए आरजीकर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# रेलवे टिकट काउंटर में तोड़फोड़, आरपीएफ कर्मचारी घायल, 2 गिरफ्तार

**हुगली :** बैंडेल रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर पर तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ अति उत्साहित युवकों ने रेलवे पुलिस के एक कर्मचारी पर भी हमला कर दिया। यह घटना गुरुवार दोपहर को घटी। रेल टिकट खरीदने के मुद्दे पर बैंडेल स्टेशन पर तनाव फैल गया। रेलवे टिकट काउंटर की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए गए। यहां तक कि रेलवे पुलिस पर हमले के भी आरोप लगे हैं। हावड़ा-बर्दवान मुख्य रेल लाइन पर सुबह से ही रेल सेवाएं काफी समय तक स्थगित रहीं। बाद में जब सेवा बहाल हुई तो दोपहर से बैंडेल रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर नंबर 1 पर भीड़ बढ़ गई। कथित तौर पर उस समय युवाओं का एक समूह टिकट लाइन में खड़ा था और जानबूझकर व्यवधान पैदा कर रहा था। जब रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर स्थिति को



नियंत्रित करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। रेलवे कर्मचारी ऋत्विक सरकार ने कहा, इस लाइन पर सुबह से ही ट्रेनों में दिक्कतें आ रही हैं। इसलिए बाद में टिकट काउंटर पर लंबी लाइन लग गई। इस समय, टिकट रोल खत्म हो रहा था और उसे बदला जा रहा था। तभी 4-5 लड़के बाकी यात्रियों पर टिकट लेने का दबाव बनाने लगे। जब उसने उनसे इंतजार करने को कहा तो उन्होंने उस पर इस तरह हमला कर दिया। उन्होंने आरपीएफ पर भी हमला किया। रेलवे पुलिस ने इस घटना में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी दीप्तिमय दत्ता ने बताया, कुछ उत्साहित युवकों ने रेलवे टिकट काउंटर में तोड़फोड़ की। एक आरपीएफ जवान घायल हो गया।

## कोलकाता में सारेक्स 2025 का उद्घाटन, आधुनिक खोज और बचाव तकनीकों पर संगोष्ठी आयोजित



**कोलकाता :** रिस्क्यू एंड कोऑर्डिनेशन सेंटर, कोलकाता द्वारा आयोजित दो दिवसीय सर्च एंड रेस्क्यू एक्सरसाइज (सारेक्स 2025) का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नीवेदीता दुबे, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, पूर्वी क्षेत्र, एएआई और टी.एफ. मूसा, कार्यकारी निदेशक (एयरस्पेस मैनेजमेंट), एएआई ने किया। मुख्य अतिथि प्रियंका सिंगला, आईएएस, विशेष सचिव, आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार थीं। कार्यक्रम में डॉ. प्रवत रंजन बेरूआ, निदेशक, कोलकाता हवाई अड्डा, पुरबीता ठाकुर सिन्हा, महाप्रबंधक (एटीएम-ट्रेनिंग), डी. दिलीप कुमार, महाप्रबंधक (एटीएम-सर्च एंड रेस्क्यू), और महुआ भट्टाचार्य अधिकारी, महाप्रबंधक (एटीएम), कोलकाता उपस्थित रहे। इस वर्ष की संगोष्ठी का विषय था आधुनिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से खोज और बचाव की चुनौतियों से निपटना।

# हिरासत में कैदी की मौत के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को रिपोर्ट पेश करने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया में हिरासत में एक कैदी की मौत व एक हत्या के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को रिपोर्ट पेश करने निर्देश दिया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपे जाने की बात कही थी। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई थी। मामले की अगली सुनवाई पांच मार्च को होगी और उस दिन सुनवाई के समय राज्य सरकार को रिपोर्ट पेश करनी होगी। मामले की सुनवाई में न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने कहा कि मैंने केस डायरी देखी है। इसमें कई गलतियां हैं। केस डायरी में कई कागजात गायब हैं। अगर राज्य सरकार का जवाब संतोषजनक नहीं हुआ, तो मामले



की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया जाएगा। न्यायाधीश ने यह भी टिप्पणी की कि हालांकि, सीबीआई पर ज्यादा भरोसा नहीं है, लेकिन दोनों घटनाएं आपस में जुड़ी हुई हैं। चूंकि, परिवार को फंसाने की घटना की जांच सीबीआई कर रही है, इसलिए इस मामले की जांच का जिम्मा भी सीबीआई को सौंपा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त 2023 को नदिया के मुरुतिया थाना क्षेत्र में शौकत मंडल नामक एक शख्स की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी, जिसमें परिवार के सदस्य चश्मदीद गवाह हैं। आरोप है कि उसी रात घर से करीब 20 किलोमीटर दूर एक और हत्या हुई और मुरुटिया थाना पुलिस ने घटना में शौकत मंडल के पूरे परिवार को आरोपित बना कर फंसा दिया। जब परिवार ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, तो न्यायाधीश ने हत्या के मामले में फंसाने के आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया। राज्य ने उस फैसले को चुनौती दी और मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की अपील को खारिज करते हुए और सीबीआई जांच के आदेश को बरकरार रखा।

## राणाघाट कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में जिम प्रशिक्षक को ठहराया दोषी, आज सजा की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले की यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत ने 2021 में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में जिम के एक प्रशिक्षक को गुरुवार को दोषी ठहराया है। दोषी को इस अपराध के लिए शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी। राणाघाट स्थित पोक्सो अदालत के न्यायाधीश ने 14 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। अभियोजन पक्ष ने बताया कि प्रशिक्षक जिले के बगुला क्षेत्र के निचू बाजार स्थित अपने जिम में लड़की को 31 दिसंबर, 2021 को बहला-फुसलाकर ले गया और वहां उससे बलात्कार किया था। परिजनों द्वारा 29 जनवरी 2022 को दर्ज कराई गई हंसखली थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में वैधानिक अवधि के भीतर आरोप पत्र दायर किया गया और उसके बाद मुकदमा चलाया गया।

## डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर पूर्व सैनिक से करोड़ो की ठगी, सूरत से एक आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक पूर्व सैनिक को डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम गंडालिया दीपेन विनोद भाई है। बताया गया है कि बिधाननगर साइबर अपराध थाने की पुलिस ने आरोपी को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, न्यूटाउन निवासी पूर्व सैन्य कर्मी मिहिर कुमार रॉय ने बिधाननगर साइबर अपराध पुलिस थाने में शिकायत की कि एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर बताया कि वित्तीय गबन के एक मामले में उन्हें डिजिटल तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया है। फोन पर उनके आधार नंबर की पुष्टि करने के बाद उन्हें घर से बाहर न निकलने को कहा गया। उनका आरोप है कि उन्हें विभिन्न तरीकों से धमकाया गया। और उन्हें इस गिरफ्तारी से मुक्त होने के लिए पैसे मांगे गए जिसे वे दिने के राजी हो गए। इसके बाद, जालसाजों ने विभिन्न चरणों में उनसे 1.75 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। घटना की जांच शुरू करने पर पुलिस को पता चला कि कुछ धनराशि का उपयोग सोना खरीदने में किया गया था। बिधाननगर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने उस सोने के लेनदेन को रोकने के बाद गुजरात के सूरत में छापेमारी की। वहां से बिधाननगर साइबर अपराध थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गुरुवार को बिधाननगर अदालत में पेश किया गय। इस घटना में और कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच बिधाननगर साइबर अपराध पुलिस स्टेशन कर रही है।

# पूर्व रेलवे ने महाकुंभ 2025 में विशेष ट्रेनों के साथ यात्रा को सुगम बनाने की व्यवस्था की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने महाकुंभ मेले के लिए पहले ही प्रमुख स्टेशनों से 76 जोड़ी आरक्षित और अनारक्षित कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की हैं। ये ट्रेनें हावड़ा और तुंडला, हावड़ा और भिंड, हावड़ा और पं. दीन दयाल उपाध्याय, सियालदह और तुंडला, आसनसोल और तुंडला, मालदह टाउन और प्रयागराज रामबाग, मालदह टाउन और जूशी, और भागलपुर और कानपुर सेंट्रल के बीच चल रही हैं। इन विशेष ट्रेनों की भर्ती 100% से अधिक रही है, जो यात्रियों में उच्च मांग को दर्शाता है। इन विशेष ट्रेनों के अलावा, पूर्व रेलवे द्वारा संचालित कई नियमित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, जिनमें राजधानी एक्सप्रेस भी शामिल है, जो प्रयागराज क्षेत्र से गुजरती हैं, ने भी कुंभ मेला के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को यात्रा कराई है।




यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, विशेष कुंभ मेला ट्रेनों और प्रयागराज और आसपास के स्टेशनों पर रुकने वाली ट्रेनों के लिए भीड़ को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त उपाय किए गए हैं। इस दौरान पूर्व रेलवे के प्रमुख स्टेशनों से कुल 152 कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की यात्रा हुई, जबकि महाकुंभ विशेष ट्रेनों के 08 ट्रिप्स ने पूर्व रेलवे के प्रमुख स्टेशनों से गुजरते हुए यात्रा की। संचालन को सुचारू बनाने के लिए, आसनसोल और भागलपुर स्टेशनों पर यात्रियों को समायोजित करने के लिए बड़े होल्डिंग क्षेत्र स्थापित किए गए थे, ताकि प्लेटफॉर्म खाली रह सकें और ट्रेन के प्रस्थान से पहले यात्रियों की व्यवस्था की जा सके। भीड़ प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों और वाणिज्यिक कर्मचारियों को तैनात किया गया था।

## बिना अनुमति निर्माण का आरोप, बागुईआटी क्षेत्र में प्रमोटरों के खिलाफ 6 स्थानों पर पुलिस ने नोटिस चिपकाए

**कोलकाता :** कोलकाता शहर में लगातार मकानों के झुकने की घटनाएं सामने आ रही हैं। बाघाजतीन, टैंगरा, एंटाली, तपसिया और भवानीपुर जैसे इलाकों में कई मकानों के झुकने की प्रवृत्ति देखी गई है। केवल मकानों के झुकने की समस्या ही नहीं, बल्कि इन घटनाओं के साथ अवैध निर्माण के आरोप भी सामने आ रहे हैं। बिधाननगर नगर निगम ने अवैध निर्माण और झुके हुए मकानों की घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाए हैं। पुलिस भी पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। बागुईआटी क्षेत्र में प्रमोटरों के खिलाफ पहले भी नोटिस भेजे गए थे, लेकिन उन्हें फाड़ दिया गया। इसके बाद पुलिस ने फिर से 6 स्थानों पर नोटिस चिपकाए हैं। इससे पहले, नोटिस फाड़े जाने की शिकायत बागुईआटी थाने में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और अवैध निर्माण वाले स्थानों पर छापेमारी की। बागुईआटी थाने के आईसी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई की।

## नकली प्राचीन सामान बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, न्यूटाउन में एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राचीन या एंटीक वस्तुओं को बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में बिधाननगर पुलिस ने न्यूटाउन स्थित एक कॉल सेंटर पर छापा मारकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम हेमंत सरकार है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से प्राचीन वस्तुएं बनाने के उपकरण बरामद किये गये है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को सूत्रों से सूचना मिलने के बाद बिधाननगर पुलिस ने न्यूटाउन स्थित इको सुइट बिल्डिंग में स्थित एक कॉल सेंटर पर छापेमारी की। पुलिस ने एजेंसी सॉल्यूशंस नामक इस कॉल सेंटर पर छापा मारा। वहां से बिधाननगर पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार हेमंत सरकार नकली प्राचीन वस्तुएं बेचने का वादा कर कई लोगों को ठगता था। पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से हिरासत में पूछताछ कर रही है। जांच टीम इस बात की जांच कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। इसके अलावा, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह धोखाधड़ी गिरोह कहां से संचालित होता है।

## शिवरात्रि में रात भर की मंदिर में सेवा, घर लौटते समय सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर में शिवरात्रि की रात शिव मंदिर में सेवा करने के बाद घर लौटते समय एक युवक की दुर्घटना में जान चली गई। मृत युवक का नाम सैतिक भौमिक (26) है। हावड़ा जिले के एक प्रमुख और प्राचीन शिव मंदिर, एकबबरपुर सिद्धेश्वर मंदिर में हजारों भक्तों का जमावड़ा हुआ था और इस दिन को लेकर मंदिर में बड़ा उत्सव आयोजित किया गया था। इसी पूजा समारोह के दौरान बिजली की व्यवस्था का जिम्मा निभा रहे थे बड़गछिया खिरिशतला के निवासी सैतिक भौमिक। सौतिक पूरी रात वहां काम करने के बाद अपनी स्कूटी से अकेले घर लौट रहे थे। मंदिर से कुछ किमी आगे जाते ही, सौतिक की स्कूटी नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकरायी। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस मामले की जांच जारी है।

## कालना में अमोनिया गैस कंप्रेसर मशीन विस्फोट में दो की मौत

**पूर्व बर्दवान :** जिले के कालना में अमोनिया गैस कंप्रेसर मशीन में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि कई घायल हुए हैं। घटना गुरुवार की सुबह कालना भवानन्दपुर में एक कोल्ड स्टोरेज में हुई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूत्रों के अनुसार, मृत श्रमिकों की पहचान सजल घोष और सरबन प्रसाद शर्मा के रूप में हुई है। घायलों का कालना सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृत दो श्रमिकों में से एक बिहार का रहने वाला है। दूसरा व्यक्ति कालना का निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों मृतक कोल्ड स्टोरेज कर्मचारी थे। घायलों को कालना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। इधर, सूचना पाकर कालना एसडीपीओ और कालना पुलिस स्टेशन आईसी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले का जायजा लिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## बाईपास पर पलटा ट्रक, यातायात बाधित

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के साउदर्न बाईपास पर गुरुवार की सुबह जूट की रस्सी लदा एक ट्रक सड़क किनारे रखे ईंट के ढ़ेर से टकराकर पलट गया। इस दुर्घटना की वजह से यातायात बाधित हो गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दक्षिणी बाईपास पर खासमल्लिक के पास सड़क किनारे ईंटें और रेत सहित निर्माण कार्य से जुड़ी कई चीजें रखी हुई थीं। उसी जगह 16 पहियों वाले ट्रक को जाने के लिए रास्ता देते समय जूट की रस्सी से लदा एक ट्रक सड़क किनारे रखी ईंट से टकराकर पलट गया। इस सड़क पर कई स्कूल हैं। वर्तमान में, स्कूलों में भी परीक्षाएं चल रही हैं। ट्रक पलटने और सड़क अवरुद्ध होने के कारण छात्रों सहित आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## शहर में आज

❑ **श्री राणी सतीजी सत्संग भजन मंडली :** अमावस का कीर्तन, सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, स्थान- श्री राणी सती जी मंदिर में, 2डी नंदो मल्लिक लेन, नूतनबाजार, कोलकाता।

❑ **श्री राणी सतीजी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान- 24, गोयनका लेन, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **माहेश्वरी सभा :** निःशुल्क जल सेवा प्याऊ, स्थान- 4, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **आकांक्षा :** निःशुल्क जल सेवा प्याऊ, स्थान- गणगौर चौकी के सामने एवं कोठारी पार्क के पास, निबूतल्ला, बड़ाबाजार, कोलकाता।

## पूर्व रेलवे ने आजिमगंज-कटवा सेक्शन में एलएचएस निर्माण हेतु ट्रेनों में किए बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने स्थानीय यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को बढ़ाने के लिए आजिमगंज-कटवा सेक्शन में काजीपाड़ा हॉल्ट और चौरीगाछा स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 24/1/3 की जगह पर लिमिटिड हाईट सबवे (एलएचएस) का निर्माण शुरू किया है। इस नई सबवे के निर्माण से स्थानीय निवासी और यात्री न केवल यात्रा में अधिक सुविधा और समय की बचत करेंगे, बल्कि यह स्तर क्रॉसिंग से जुड़े खतरों को भी कम करेगा। इस निर्माण कार्य के तहत, 01 मार्च को काजीपाड़ा हॉल्ट और चौरीगाछा स्टेशनों के बीच 360 मिनट का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिसमें 1 मार्च को कटवा से 53011, 53015, 63007, 53009, 53053, 53055, 53013, आजिमगंज से 53014, 53016, 63010, 53012, 53051, अहमदपुर से 53056, निमतिता से 53052, 53054 और 28 फरवरी को रामपुरहाट से 63026, आजिमगंज से 63046 और कॉसिमबाजार से 63045 को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, 1 मार्च को 53008 को आजिमगंज पर शॉर्ट टर्मिनेट, 13177 को कटवा पर शॉर्ट टर्मिनेट और 13178 को कटवा से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इसके अलावा, 63031 कटवा से 15:30 बजे चलेगी, जो पहले 14:40 बजे चलने वाली थी और 53018 को 01 मार्च को रास्ते में 10 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा।

## नेताजी इंडोर में प्रवेश के दौरान हादसा, भीड़ के दबाव में मंत्री बिप्लब मित्र का हाथ कुचला

**कोलकाता :** नेताजी इंडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस के राज्य सम्मेलन की शुरुआत में ही हादसा हो गया। भीड़ के दबाव में उपभोक्ता संरक्षण मंत्री और दक्षिण दिनाजपुर के हरीरामपुर से विधायक बिप्लब मित्र का हाथ कट गया। उन्हें तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, नेताजी इंडोर स्टेडियम में प्रवेश के दौरान एक कांच का दरवाजा टूट गया। टूटा हुआ कांच मंत्री के बाएं हाथ पर गिर गया, जिससे उनका हाथ कट गया और खून बहने लगा। तुरंत मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

# आध्यात्मिक पर्यटन का आधार कोई बन सकता है, तो वह उत्तर प्रदेश है : योगी



महाकुंभनगर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आस्था और अर्थव्यवस्था का जो दृष्टिकोण दिया है, उसके तहत आध्यात्मिक पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और देश में आध्यात्मिक पर्यटन का आधार कोई बन सकता है, तो वह उत्तर प्रदेश है। यहां सेक्टर-2 में मीडियाकर्मियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, महाकुंभ वास्तव में एक वैश्विक आयोजन बन गया और इसकी सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। उन्होंने कहा, देश में आध्यात्मिक पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और उत्तर प्रदेश इसका आधार बन सकता है। योगी ने कहा, पिछले वर्ष लगभग 65 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक उत्तर प्रदेश में मंदिरों को लेकर प्रख्यात विभिन्न शहरों में आए थे, जिनमें अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, चित्रकूट, विंध्याचल, गोरखपुर और नैमिषारण्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, अकेले प्रयागराज में पिछले 45 दिनों में 66 करोड़ 30 लाख पर्यटक और श्रद्धालु आ चुके हैं। प्रयागराज महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के पांच गलियारे उपलब्ध कराए। इनमें प्रयागराज से मिर्जापुर और काशी, प्रयागराज से अयोध्या और गोरखपुर, प्रयागराज से लालापुर, राजापुर और चित्रकूट, प्रयागराज से लखनऊ और नैमिषारण्य और प्रयागराज से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के रास्ते मथुरा-वृंदावन होते हुए शुक्रताल गलियारे शामिल हैं। योगी ने कहा, इन पांचों गलियारों में पिछले डेढ़ महीने में देश-दुनिया से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आए। महाकुंभ मेले के दौरान 45 दिनों में 100 देशों के लोग प्रयागराज पहुंचे, जिनमें 74 देशों के उच्चायुक्त और राजदूत शामिल हैं। इसके अलावा, 12 देशों के मंत्रियों और राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति भी दर्ज की गई। उन्होंने कहा, महाकुंभ के पूरे आयोजन में केंद्र और राज्य ने निर्माण कार्यों पर 7,500 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें 200 से अधिक सड़कों, 14 फ्लाईओवर, नौ अंडरपास और 12 कॉरिडोर का निर्माण शामिल है। वहीं 15,000 से अधिक स्वच्छताकर्मी महाकुंभ में साफ-सफाई सुनिश्चित करने में जुटे रहे। योगी ने महाकुंभ मेले के शानदार कवरेज के लिए मीडिया की सराहना की। उन्होंने कहा, आपने (मीडिया) देश-दुनिया को महाकुंभ के महत्व के बारे में बताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

## विरोधियों ने महाकुंभ के दुष्प्रचार का कोई मौका चूका नहीं: योगी आदित्यनाथ

महाकुंभनगर: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि महाकुंभ जैसा इतना विशाल समागम दुनिया में कहीं नहीं हुआ लेकिन विरोधियों ने इसके दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं चूका।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने यहां स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, महाकुंभ में 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालु आए, जिसमें अपहरण, लूट, छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोई घटना नहीं हुई।उन्होंने कहा, कोई ऐसी घटना नहीं हुई जो विरोधियों को दूरबीन और माइक्रोस्कोप लगाकर भी ढूंढने से मिल सके। विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका चूका नहीं। जिन्हें यह आस्था का महासमागम अच्छा नहीं लगा, उन्होंने कोई मौका नहीं चूका।

## महाकुंभ में तैनात पुलिसकर्मियों को 'महाकुंभ सेवा मेडल' मिलेगा

महाकुंभनगर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले 75,000 जवानों को 'महाकुंभ सेवा मेडल' और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को 10,000 रुपये का विशेष बोनस और सभी को चरणबद्ध तरीके से एक सप्ताह का अवकाश प्रदान किया जाएगा। महाकुंभ 2025 की पूर्णाहुति के अवसर पर गंगा मंडपम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को संबोधित करते मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के धैर्य और शालीनता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, महाकुंभ जैसा विशाल आयोजन एक बड़ी चुनौती था, लेकिन हमने इसे एक नयी ऊंचाई तक पहुंचाया। यह आप सभी (पुलिस) के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

## योगी ने सेवा भाव के लिए नेत्र कुंभ की सराहना की

महाकुंभनगर: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को यहां सेक्टर-6 में स्थित नेत्रकुंभ शिविर का निरीक्षण कर वहां किए गए सेवा कार्यों की सराहना की और आयोजन में शामिल प्रमुख लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने ओपीडी का निरीक्षण कर डॉक्टरों और आयोजन समिति के सदस्यों से भी बातचीत की और डॉक्टरों ने उन्हें पूरी व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आयोजकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि महाकुंभ के दौरान नेत्रकुंभ में 2.37 लाख मरीजों की जांच की गई। आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री को बताया गया कि नेत्रकुंभ में 1.63 लाख चश्मे वितरित किए गए।

## राजस्थान विधानसभा में गतिरोध समाप्त, कांग्रेस के छह विधायकों का निलंबन रद्द

जयपुर: पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत की टिप्पणी को लेकर राजस्थान विधानसभा में सप्ताह भर से जारी गतिरोध बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रति उनके (डोटासरा के) आचरण और उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों के लिए माफी मांगने के बाद डोटासरा सहित छह कांग्रेस विधायकों का निलंबन भी रद्द कर दिया गया। शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के साथ बैठक की और मामले को सुलझाया। गतिरोध समाप्त होने के बाद कांग्रेस विधायक सदन में पहुंचे और



कार्यवाही में हिस्सा लिया। जूली ने गतिरोध खत्म करने की पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने डोटासरा की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष के प्रति उनके आचरण और उनके लिए इस्तेमाल किए गए शब्दों को लेकर माफी भी मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इस तरह का गतिरोध पैदा होता है, तो इसे लंबा नहीं खींचना चाहिए। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का आचरण माफी लायक नहीं था, लेकिन उन्होंने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा उनकी तरफ से मांगी गई माफी स्वीकार कर ली है। देवनानी ने कहा कि डोटासरा ने उनके लिए जो शब्द इस्तेमाल किए थे, वे दुर्भाग्यपूर्ण हैं और देश की किसी भी विधानसभा में ऐसी बातें नहीं हुई हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार : सीतामढ़ी में मंदिर में रखी मूर्तियां तोडे जाने के बाद गाँव में तनाव

सीतामढ़ी: बिहार के सीतामढ़ी जिले के परमणंदपुर गांव के एक मंदिर में रखी मूर्तियों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़े जाने के बाद गाँव में तनाव उत्पन्न हो गया है।सीतामढ़ी सदर अनुमंडल पुलिस अधिकारी राम कृष्ण ने बृहस्पतिवार को बताया कि ग्रामीणों ने एक विशेष समुदाय के सदस्यों पर संदेह जताया है और कहा है कि शिवरात्रि उत्सव खत्म होने के बाद बुधवार देर रात इस घटना को अंजाम दिया गया।उन्होंने हालांकि कहा, किसी ने भी घटना के तथाकथित समय में मंदिर में प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं देखा है। तकनीकी विशेषज्ञों को घटनास्थल का निरीक्षण करने भेजा गया है।उन्होंने बताया कि गांव में स्थिति नियंत्रित करने और शांति बहाली के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस बीच जिलाधिकारी रिची पांडेय के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों ने भी गाँव का दौरा किया है और और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### बलिया में किशोरी से बलात्कार का आरोपी युवक गिरफ्तार

बलिया: उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ बलात्कार के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि घटना 22 फरवरी की सुबह हुई, जब 13 साल की एक लड़की ट्यूबवेल परिसर में गई थी, जहां उसी गांव के रितेश सिंह ने कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह के मुताबिक, घटना के संबंध में लड़की के दादा ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी रितेश को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## न्यूज अपडेट

### बिहार : भोजपुर में सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत

आरा: बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में शाहपुर बाजार के पास एक ट्रक की टक्कर से एक पिकअप वैन में सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग घायल हो गए। भोजपुर के पुलिस अधीक्षक श्रीराज ने बताया कि मृतकों की पहचान सुहागन देवी (50), सुभाग्य देवी (65), सीरतिया देवी (65) और अजित कुमार (12) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि चारों शव पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजे गए हैं। श्रीराज के मुताबिक, हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया और इनमें से चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, पिकअप वैन में सवार लोग पटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के दाऊदपुर गांव निवासी नारायण महतो के छह वर्षीय पुत्र कार्तिक का मुंडन कराने कैमूर जिले के गुप्ता धाम गए हुए थे और वापसी के दौरान वे हादसे के शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया और उसकी तलाश जारी है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय बलात्कार मामले में कांग्रेस सांसद की याचिका पर 11 मार्च को करेगा सुनवाई

लखनऊ: इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बलात्कार के एक मामले में आरोपी सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर सुनवाई बृहस्पतिवार को स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने सुनवाई स्थगित कर दी और जांच अधिकारी (आईओ) को 11 मार्च को तलब किया। अदालत राठौर की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, तब जांच अधिकारी अनूप शुक्ला ने कहा कि मामले की जांच पूरी होने में 10 दिन और लगेंगे। न्यायाधीश ने इस पर कहा कि जांच 10 मार्च तक पूरी हो जाएगी तथा सुनवाई अगले दिन निर्धारित कर दी। जांच अधिकारी को निर्देश दिया गया कि वह केस डायरी के साथ 11 मार्च को उपस्थित रहें तथा जांच की स्थिति से अदालत को अवगत कराएं। पीड़िता की ओर से पेश वकील पूजा सिंह ने पहले जवाबी हलफनामा दाखिल किया था। अतिरिक्त महाधिवक्ता वी के शाही और सरकारी वकील वी के सिंह ने भी जवाबी हलफनामा दाखिल किया, जिसके बाद राठौर ने वकील अरुण सिन्हा और आर डी शाही के माध्यम से जवाबी हलफनामा दाखिल किया। उनके वकील ने तर्क दिया कि राठौड़ को मामले में झूठा फंसाया गया और प्राथमिकी देरी से दर्ज कराई गई।

### इतिहास की रक्षा करना सामूहिक जिम्मेदारी : आनंदीबेन पटेल

लखनऊ: उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इतिहास की रक्षा करना एक सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने लखनऊ जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) में 'स्वतंत्रता संग्राम वीथिका' का उद्घाटन किया। राज भवन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कार्यक्रम में पटेल ने कहा, हमारे इतिहास की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, खासकर जब यह हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हो। उन्होंने ऐतिहासिक काकोरी कांड को दर्शाते हुए एक भित्ति चित्र का भी अनावरण किया, जिसमें देश की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और पेश करने में उत्तर प्रदेश डाक मंडल और डाक विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की गई है। यह कार्यक्रम लखनऊ जीपीओ के डिलीवरी हॉल से संबंधित है, जहां काकोरी कांड में शामिल क्रांतिकारियों पर मुकदमा चलाया गया था। इसमें फिलेटली संग्रहालय में हाल ही में खोली गई 'स्वतंत्रता संग्राम वीथिका' भी शामिल है। वीथिका में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में डाक टिकट प्रदर्शित किए गए हैं। वहीं, भित्ति चित्र क्रांतिकारी घटना के दृश्यों को जीवंत रूप से पेश करता है। नौ अगस्त 1925 को हुआ काकोरी कांड भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई का प्रतीक है। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद और अन्य की अगुवाई में क्रांतिकारियों ने काकोरी में सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को रोककर स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी रखने के वास्ते ब्रिटिश सरकार के खजाने को लूट लिया था। इसके बाद अंग्रेजों ने क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर लिया था।

# समाचार CINE मंत्र



## प्रीति जिंटा ने ठुकरा दिया टिकट और राज्यसभा सीट का ऑफर

गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने ट्विटर के माध्यम से अपने फैंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ 2025 की तस्वीरें साझा करने के बाद खुद पर हो रही ट्रोलिंग के बारे में भी चर्चा की। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि उन्हें कई पार्टियों से टिकट और राज्यसभा की सीट का ऑफर दिया गया, लेकिन उन्होंने इसके लिए मना कर दिया, क्योंकि उन्हें राजनीति में शामिल होने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

अभिनेत्री ने ट्विटर पर फैंस से बातचीत के दौरान एक यूजर ने पूछा, आपकी कुंभ की तस्वीर ने आपके खिलाफ ट्रोल की बाढ़ क्यों ला दी? इस पर अभिनेत्री ने कहा, जो लोग आपको नीचे गिराने की कोशिश करते हैं, वह पहले से ही आपसे नीचे हैं, इसलिए उनकी और ट्रोल्स की कौन परवाह करता है। उन्होंने कहा, असली हिम्मत तब होती है जब आप अपने और अपने आसपास सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं और दुनिया को दूसरों के लिए एक बेहतर जगह बनाते हैं।

हाल ही में प्रीति जिंटा ने 'महाकुंभ 2025' का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर महाकुंभ से अपनी तस्वीरें शेयर की। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी ने उन पर अपना सोशल मीडिया अकाउंट भाजपा को सौंपने का आरोप लगाया था, जिसका उन्होंने खंडन किया। उन्होंने पहले केरल कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर जवाब देते हुए कहा था कि वह अपना अकाउंट खुद मैनेज करती हैं।

ट्विटर पर बातचीत के दौरान एक प्रशंसक ने उनसे पूछा कि क्या वह राजनीति में आने का प्लान कर रही हैं? इसके जवाब में प्रीति ने साफ तौर पर कहा कि उनकी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं है। अभिनेत्री ने कहा, नहीं! मेरे लिए कोई राजनीति नहीं। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न पार्टियों ने मुझे टिकट और राज्यसभा सीटें देने की पेशकश की है, लेकिन मैंने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया है, क्योंकि जो मैं चाहती हूं यह वह नहीं है। इस बीच प्रीति जिंटा 'लाहौर 1947' के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म में सनी देओल और उनके बेटे करण देओल भी हैं।

## 'महाकाल चलो' गाने के विवाद पर अक्षय कुमार ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने हाल ही में रिलीज हुए अपने भक्ति गीत महाकाल चलो को लेकर उठे विवाद पर बात की है, जिसे उन्होंने गायक पलाश सेन के साथ मिलकर तैयार किया है। महाशिवरात्रि 2025 से पहले रिलीज हुए इस गीत को कथित तौर पर कुछ दृश्यों को लेकर पुजारी संघ की आपत्तियों का सामना करना पड़ा था।



### अक्षय ने दिया जवाब

गुरुवार (27 फरवरी) को अपनी आगामी फिल्म कन्नप्पा के लिए आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अक्षय ने आलोचना का जवाब देते हुए गाने पर उठाई गई आपत्तियों पर सवाल उठाए। गाने के वीडियो के एक सीन में अक्षय शिवलिंग को गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा, 'बचपन से ही मेरे माता-पिता ने मुझे सिखाया है कि भगवान हमारे माता-पिता जैसे हैं। तो अगर आप अपने माता-पिता को गले लगाते हैं, तो इसमें क्या गलत है? क्या इसमें कुछ गलत है?'

### विवाद के बीच मशहूर हुआ 'महाकाल चलो'

अपनी भक्ति का बचाव करते हुए उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान आगे कहा, 'मेरी अगर शक्ति वहां से आती है तो मेरी भक्ति को अगर कोई गलत समझे, उसमें मेरा कोई कसूर नहीं।' विवाद के बावजूद 'महाकाल चलो' गाने को उनके प्रशंसकों द्वारा खूब सराहा गया है।

### अक्षय की आगामी फिल्म

वहीं, अक्षय की आगामी फिल्मों के बारे में बात करें तो अभिनेता मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म 'कन्नप्पा' में भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म उनकी तेलुगु सिनेमा की पहली फिल्म है, जो 25 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है। अक्षय को आखिरी बार बड़े पर्दे पर वीर पहाड़ियां, निम्रत कौर और सारा अली खान के साथ 'स्काई फोर्स' में देखा गया था। उनके पास फिल्मों की एक दिलचस्प लाइन-अप है। अभिनेता अगली बार केसरी चैप्टर 2, हाउसफुल 5, भूत बंगला, वेलकम टू द जंगल जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

## जीन हैकमैन को अनिल कपूर ने दी श्रद्धांजलि, कहा- मुझे विश्वास नहीं हो रहा

बुधवार को हॉलीवुड के दिग्गज और ऑस्कर विजेता जीन हैकमैन का निधन हो गया। वह अपनी पत्नी बेट्सी अराकावा के साथ न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए। इस खबर ने दुनियाभर के सिनेमा प्रेमियों और इंडस्ट्रीज में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दुनियाभर के सेलेब्स ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अब बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



### अनिल कपूर ने दी श्रद्धांजलि

अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता की तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया और साथ में लिखा, विश्वास नहीं होता कि दुनिया में अब जीन हैकमैन नहीं रहे...'द फ्रेंच कनेक्शन', 'अनफॉरगिवेन' और 'द फर्म' जैसी फिल्मों में उनके सहज अभिनय ने दुनिया को उनकी प्रतिभा से पहचान करवाई। एक सच्चे दिग्गज जिनकी विरासत हमेशा अमर रहेगी। शांति से आराम करें।

### दूसरी पत्नी के साथ ली अंतिम सांस

अभिनेता ने दो शादियां की थी। जीन हैकमैन की पहली शादी फेय माल्टीज से हुई थी और यह 1956 से 1986 से तक चली, उसके बाद दोनों ने तलाक ले लिया। उनकी पहली पत्नी की मृत्यु साल 2017 में ही हो चुकी है। साल 1991 में उन्होंने बेट्सी अराकावा से शादी की और अंत समय तक साथ रहे।

### मामले की चल रही जांच

सांता फे न्यू मैक्सिकन वेबसाइट के अनुसार अधिकारियों ने कहा है कि मामले में किसी गड़बड़ी का अभी कोई संदेह नहीं है, हालांकि जांच अभी भी जारी है। शेरिफ कार्यालय के एक बयान से पुष्टि हुई कि 95 वर्षीय जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी अराकावा बुधवार दोपहर लगभग 1:45 बजे अपने घर में मृत पाए गए। हैकमैन लाइमलाइट से दूर सांता फे न्यू मैक्सिको के बाहर एक शांत जीवन जी रहे थे।

### जीन हैकमैन और पत्नी बेट्सी के अलावा कुत्ता भी पाया गया मृत

ऑस्कर विजेता मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी कल बुधवार को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर में मृत पाए गए। सांता फे पुलिस ने द सन को यह बताया है और जीन हैकमैन व उनकी पत्नी के निधन की पुष्टि की है। इन दोनों के अलावा अभिनेता का कुत्ता भी घटनास्थल पर मृत पाया गया है।

## 'कायदे में रहो तो फायदे में रहोगे', 'सिकंदर' का टीजर रिलीज

सलमान खान की आगामी फिल्म 'सिकंदर' का दर्शक सांसे थामकर इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म को रिलीज होने में तो अभी वक्त है, क्योंकि फिल्म तो ईद पर रिलीज होगी। लेकिन आज गुरुवार को फैंस को एक तोहफा जरूर मिल गया है। 'सिकंदर' का टीजर जारी हो चुका है।

### पुराने एक्शन अवतार में भाईजान

सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'जो दिलों पर करता है राज, वो आज कहलता है सिकंदर'। टीजर की शुरुआत में सलमान खान की आवाज आती है, 'दादी ने नाम सिकंदर रखा था। दादा ने संजय और प्रजा ने राजा साहब'। इसके बाद दूसरी आवाज आती है, 'अपने आप को बहुत बड़ा सिकंदर समझता है। इंसाफ दिलाएगा तू'? सलमान कहते हैं, ' इंसाफ नहीं, हिसाब करने आया हूं। कायदे में रहो फायदे में रहोगे'।

### टिपिकल गर्लफ्रेंड स्टाइल में दिखीं रश्मिका

टीजर में सलमान खान एक्शन करते दिखे हैं। अपने चिर-परिचित अंदाज में दुश्मनों के छक्के छुड़ाते दिखे हैं, जैसे कि हमेशा परदे पर नजर आते हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। पूरे टीजर में दो से तीन बार रश्मिका की झलक है। वे एकदम टिपिकल हीरोइन वाले अंदाज में हैं। सिर्फ एक जगह वह बोलती दिखी हैं। सलमान से पूछती हैं, 'तुम्हारे दुश्मनों में तुम कितने पॉपुलर हो'। हालांकि, पिछली फिल्मों में लगातार पत्नी वाले रोल में साड़ी पहने दिखने वाली रश्मिका का लुक इस बार जरा हटकर दिखा है। किरदार की पूरी तस्वीर तो फिल्म में ही साफ हो पाएगी।

### यूजर्स ने की शाहरुख खान के कैमियो की मांग

सलमान खान अभिनीत इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके निर्देशन की कमान एआर मुरुगदास ने संभाली है। फिलहाल टीजर पर मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही हैं। यूजर्स शाहरुख खान के कैमियो की डिमांड कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'भाई संजय दत्त और शाहरुख खान का कमैयो रखना मूवी में'। एक यूजर ने लिखा, 'सलमान खान आ रहे हैं, फिल्म तो ब्लॉकबस्टर रहेगी'।



## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत में 'जियो हॉटस्टार' पर होगा आस्कर पुरस्कार का सीधा प्रसारण

**नयी दिल्ली :** भारत में ओटीटी मंच 'जियो हॉटस्टार' पर अकादमी पुरस्कार समारोह के 97वें संस्करण का सीधा प्रसारण किया जाएगा। लॉस एंजिलिस में ओवेशन हॉलीवुड के डॉल्बी थिएटर में तीन मार्च को आस्कर पुरस्कार समारोह का आगाज होगा और स्टार मूवीज पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''देश भर के दर्शक मनोरंजन जगत की सबसे प्रतिष्ठित रात को वास्तविक समय में देख सकते हैं, जिसमें वैश्विक सिनेमा की बेहतरीन उपलब्धियों का जश्न मनाया जाएगा। समारोह का सीधा प्रसारण जियो हॉटस्टार पर भी उपलब्ध रहेगा।'' कॉमेडियन, लेखक और पूर्व 'लेट-नाइट होस्ट' कॉनन ओ'ब्रायन 97वें अकादमी पुरस्कार की मेजबानी करेंगे।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा में 22 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर/सुकमा :** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग जिलों से 22 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने बस्तर क्षेत्र के बीजापुर जिले से 18 और सुकमा जिले से चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में 10 नक्सलियों को, बासागुड़ा क्षेत्र में सात नक्सलियों और भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद उसूर, बासागुडा और भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था।

DASPUR-I PANCHAYAT SAMITY
NOTICE INVITING E-TENDER
WBPMID/DAS-I/EO/NIT-10/24-25 (2nd Call), Memo No-167, Date-22/02/2025 & WBPMID/DAS-I/EO/NIT-11/24-25, Memo No-168, Date-22/02/2025
Tender Through inviting by the undersigned from the bonafied and experienced contractor, Registered Engineers Co-Operative societies & labour Co-Operative societies having credential of similar type of work at Daspur-I Panchayat Samity. Bid Submission Start Date- 22.02.2025. Bid Submission end Date- 28.02.2025. Bid Opening Date- 03.03.2025 . For Details Please Visit website http://wbtenders.gov.in
Sd/-
Executive Officer
Daspur-I Panchayat Samity
Daspur :: Paschim Medinipur

# हिंदी मुखौटा है, संस्कृत चेहरा है : स्टालिन



**चेन्नई :** केंद्र द्वारा कथित तौर पर हिंदी थोपे जाने के खिलाफ अपना अभियान तेज करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने एक बार फिर बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य इस भाषा को ''थोपने'' की इजाजत नहीं देगा और उन्होंने तमिलों एवं इसकी संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प जताया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित एक पत्र में उन्होंने कहा, ''हम हिंदी थोपने का विरोध करेंगे। हिंदी मुखौटा है, संस्कृत छिपा हुआ चेहरा है।'' सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने आरोप लगाया है कि केंद्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में तीन-भाषा फार्मूले के माध्यम से हिंदी को थोपने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, केंद्र सरकार ने इस आरोप का खंडन किया है। पत्र में स्टालिन ने दावा किया कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बोली जाने वाली मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी जैसी कई उत्तर भारतीय भाषाओं को ''आधिपत्यवादी हिंदी'' ने नष्ट कर दिया है।'' सत्तारूढ़ द्रमुक के प्रमुख ने कहा, ''आधिपत्यवादी हिंदी-संस्कृत भाषाओं के हस्तक्षेप से 25 से अधिक उत्तर भारतीय मूल भाषाएं नष्ट हो गई हैं। जागरुकता के कारण सदियों पुराने द्रविड़ आंदोलन और विभिन्न आंदोलनों ने तमिलों और उनकी संस्कृति की रक्षा की।'' उन्होंने कहा कि तमिलनाडु एनईपी का विरोध कर रहा है क्योंकि केंद्र शिक्षा नीति के माध्यम से हिंदी और संस्कृत को थोपने की कोशिश कर रहा है। एनईपी के अनुसार तीसरी भाषा विदेशी भी हो सकती है, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इस दावे का जवाब देते हुए स्टालिन ने दावा किया कि त्रिभाषा नीति कार्यक्रम के अनुसार, ''कई राज्यों में केवल संस्कृत को बढ़ावा दिया जा रहा है।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राजस्थान उर्दू प्रशिक्षकों के बजाय संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति कर रहा है। उन्होंने कहा, ''अगर तमिलनाडु त्रिभाषा नीति को स्वीकार करता है, तो मातृभाषा को नजरअंदाज कर दिया जाएगा और भविष्य में संस्कृतीकरण होगा।'' उन्होंने दावा किया कि एनईपी प्रावधानों में कहा गया है कि ''संस्कृत के अलावा'' अन्य भारतीय भाषाओं को स्कूलों में पढ़ाया जाएगा और तमिल जैसी अन्य भाषाओं को ऑनलाइन पढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ''इससे यह स्पष्ट होता है कि केंद्र ने तमिल जैसी भाषाओं को खत्म करने और संस्कृत को थोपने की योजना बनाई है।''

### हिंदी को लेकर स्टालिन की टिप्पणी समाज को बांटने का ओछा प्रयास: वैष्णव



**नयी दिल्ली :** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की ''हिंदी थोपने'' संबंधी टिप्पणी को उनकी सरकार के खराब शासन को छिपाने के लिए समाज को बांटने का ''ओछा प्रयास'' बताया और सवाल किया कि क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता के विचारों से सहमत हैं। स्टालिन द्वारा द्रमुक कार्यकर्ताओं को लिखे एक पत्र पर प्रतिक्रिया में वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''समाज को विभाजित करने के ऐसे ओछे प्रयासों से खराब शासन कभी नहीं छिप पाएगा।'' पत्र में स्टालिन ने दावा किया कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बोली जाने वाली मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेली और अवधी जैसी कई उत्तर भारतीय भाषाएं ''हिंदी के वर्चस्व के कारण नष्ट हो गई हैं।''

## हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास और आगामी परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही सैनी ने केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी दी। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री ने हरियाणा में किए जा रहे व्यापक विकास कार्यों की सराहना की और कहा कि राज्य की भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों, विशेषकर गरीब और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए लगातार कल्याणकारी योजनाएं लागू करके सफल प्रयास कर रही है। दिल्ली सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार सैनी ने इस महीने की शुरूआत में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के लिए भी मोदी को बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को अब केंद्र की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। सैनी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश विकास के मामले में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आम लोगों ने प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों में विश्वास दिखाया है।

## रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने विभिन्न रेल मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने हाल में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विभिन्न रेल मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और इस साल जनवरी में चार मालगाड़ियों तथा दो यात्री रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाओं समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। रेलवे सूत्रों ने बताया कि कुमार ने कई सुधारात्मक उपाय सुझाए जैसे जमीनी स्तर पर रहने वाले कर्मियों की काउंसलिंग, रेल डिब्बों का नियमित निरीक्षण तथा संबंधित रेल मंडलों द्वारा समय-समय पर वहां सुरक्षा अभियान चलाना, जहां ऐसी घटनाएं हुईं। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये एक बैठक की थी, जिसमें रेलगाड़ियों की 'शंटिंग' के दौरान लापरवाही, क्रॉसिंग का निरीक्षण, पटरियों की अल्ट्रासोनिक खराबी का पता लगाने की विश्वसनीयता, पेयजल और शौचालयों की उचित उपलब्धता जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई थी। रेल मंडल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''अध्यक्ष ने परिचालन सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर जोर दिया और जनवरी 2025 में मालगाड़ियों तथा यात्री रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने सभी दुर्घटनाओं के कारणों पर गौर किया और आवश्यक कदम उठाने का सुझाव दिया।''

## आतिशी, निलंबित आप विधायकों को दिल्ली विधानसभा में प्रवेश से रोके जाने के बाद आप ने 'धरना' दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य विधायकों को बृहस्पतिवार को विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोके जाने बाद उन्होंने परिसर के बाहर धरना दिया। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) वालों ने सरकार में आते ही ''तानाशाही की हदें पार कर दीं।'' पत्र में कहा गया, ''दिल्ली की भाजपा सरकार ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों से संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जी और शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की तस्वीरें हटा दी हैं। यह न केवल देश के वीर सपूतों का अपमान है, बल्कि दलित, पिछड़े और वंचित समाज का भी अपमान है।'' इसमें कहा गया है कि जब आप ने इस कदम का विरोध किया और विधानसभा में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की तो विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने ''अलोकतांत्रिक'' तरीके से 25 फरवरी को तीन दिनों के लिए पार्टी के 21 विधायकों को सदन की बैठकों से निलंबित कर दिया।




## न्यूज अपडेट

### मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन का 'इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025' के 10वें संस्करण का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में नवाचारों को प्रोत्साहित करने वाला प्रमुख मंच, मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआइएफ) इस वर्ष 'इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025' के 10वें संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। पहले 'इनोवेशन फॉर इंडिया अवॉर्ड्स' के नाम से जाना जाने वाला यह प्रतिष्ठित द्विवार्षिक पुरस्कार समारोह, अब अपने 10वीं वर्षगांठ पर नया नाम प्राप्त कर चुका है। इस वर्ष, सात क्रांतिकारी नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों जैसे दूरसंचार, जल प्रबंधन, विनिर्माण और सहायक प्रौद्योगिकी में योगदान दे रहे हैं। यह कार्यक्रम 6 मार्च 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा, जिसमें 1 हजार से अधिक दिग्गज उद्योगपति, निवेशक और समाज में बदलाव लाने वाले लोग शामिल होंगे। विजेताओं को न केवल पुरस्कार मिलेंगे, बल्कि उन्हें कार्यकारी कोचिंग, डिजिटल प्रमोशन और एमआइएफ के इनोविन डे में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। यह मंच नवाचारों को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक है और भारत में नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

### इलेक्रामा 2025 का सफलतापूर्वक समापन, नवाचारों और इंडस्ट्री लीडरशिप का किया गया प्रदर्शन

कोलकाता, समाज्ञा : इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) द्वारा आयोजित इलेक्रामा 2025 का 16वां संस्करण बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन ने 1,000 से अधिक एग्जिबिटर्स और 4 लाख से अधिक बिजनेस विजिटर्स के साथ सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए, जिससे इसका वैश्विक प्रभाव और महत्व साबित हुआ। इस वर्ष की एक खासियत न्यू एनर्जी पैवेलियन था, जो बैटरी स्टोरेज, ईवी चार्जिंग, सोलर मॉड्यूल जैसी नवीनतम ऊर्जा प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शनी था। ग्लोबल पार्टनर्स और उद्योग के नेताओं ने भारत की सस्टेनेबल ऊर्जा पहल को सराहा। इलेक्रामा 2025 ने वैश्विक साझेदारी, नवाचार, और ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों को बढ़ावा दिया। इसके दौरान 15 हजार से अधिक बी2बी बैठकें हुईं और 80 देशों के 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया। इस आयोजन के समापन में, नवाचार और इंडस्ट्री लीडरशिप में उत्कृष्टता का सम्मान किया गया। इलेक्रामा 2025 ने भारत को वैश्विक ऊर्जा और इलेक्ट्रिकल मैन्युफैक्चरिंग के केंद्र के रूप में और मजबूती से स्थापित किया।

## मैं जन्म से हिंदू हूं और मरते दम तक हिंदू रहूंगा: कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार की तमिलनाडु में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने को पार्टी (कांग्रेस) द्वारा की जा रही आलोचनाओं के बीच शिवकुमार ने कहा कि वह ''जन्म से हिंदू हैं और मरते दम तक हिंदू रहेंगे।'' महाशिवरात्रि समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए थे। शिवकुमार का यह बयान तमिलनाडु के कोयंबटूर में सद्गुरु जग्गी वासुदेव के ईशा योग केंद्र में महाशिवरात्रि समारोह में शिवकुमार की भागीदारी के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) सचिव पी वी मोहन सहित कांग्रेस नेताओं के एक वर्ग द्वारा आवाज उठाने के बीच आया है। कोयंबटूर दौरे के बारे में शिवकुमार की पोस्ट का एक स्क्रीनशॉट साझा करते हुए मोहन ने लिखा, ''धर्मनिरपेक्ष पार्टी के अध्यक्ष होने के बावजूद एक ऐसे व्यक्ति के निमंत्रण के लिए धन्यवाद देना जो देश की उम्मीद आरजी (राहुल गांधी) का मखौल उड़ाता है और जिसके आख्यान आरएसएस के अनुरूप हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं को गुमराह करता है। पार्टी का विकास समझौते के बजाय दृढ़ विश्वास से सुनिश्चित होता है। अन्यथा, आधार को क्षति पहुंचती है।''



## भाजपा ने महाकुंभ में नहीं जाने के लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा

**नयी दिल्ली :** महाकुंभ में नहीं जाने के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस की ''ओछी राजनीति'' को नकारे जाने का आह्वान किया और आरोप लगाया कि नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य चुनाव से पहले सिर्फ देश के ''बहुसंख्यक समाज'' को मूर्ख बनाने के लिए मंदिरों में जाते हैं। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि प्रयागराज में हाल में संपन्न महाकुंभ के आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि इस देश में सनातन के सम्मान के लिए यदि कोई दल या नेतृत्व खड़ा है, तो वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही हैं। बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर 45 दिवसीय महाकुंभ का समापन लाखों श्रद्धालुओं द्वारा संगम में डुबकी लगाने के साथ हुआ। मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश और दुनिया के कोने-कोने से 66 करोड़ से अधिक लोगों ने आस्था के इस महापर्व में भाग लिया, लेकिन कई दशकों तक देश पर शासन करने वाली ''कांग्रेस पार्टी के युवराज'' राहुल गांधी महाकुंभ में नहीं गये।

## शिवराज ने 'एक देश, एक चुनाव' की वकालत की

### कहा-बार-बार चुनाव कराने से समय, धन बर्बाद होता हैं

**भोपाल :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'एक देश, एक चुनाव' की जोरदार वकालत करते हुए बृहस्पतिवार कहा कि बार-बार चुनाव कराने से देश के संसाधन और समय की बर्बादी होती है और इससे देश के विकास और तरक्की में बाधा उत्पन्न होती है। भोपाल में ओरिएंटल इंस्टीट्यूट के छात्रों को 'एक देश, एक चुनाव' (ओएनओई) विषय पर संबोधित करते हुए शिवराज ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में पूरे साल देश के किसी न किसी हिस्से में चुनाव होते रहते हैं। कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री ने छात्रों से ओएनओई के पक्ष में सोशल मीडिया और अन्य मंचों पर व्यापक अभियान चलाने की अपील की। शिवराज ने कहा, हमारे देश में कुछ हो या न हो, चुनाव की तैयारियां पूरे साल यानी पांच साल तक चलती रहती हैं। बार-बार होने वाले ये चुनाव देश की तरक्की और विकास में बाधा डालते हैं। इसलिए संविधान में संशोधन करके लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पहली बार 1983 में कहा था कि देश में एक साथ चुनाव होने चाहिए, उसके बाद 1999 में विधि आयोग ने भी एक साथ चुनाव के पक्ष में बात की।


## नानाजी देशमुख ने जनता पार्टी के गठन में अहम भूमिका निभाई, जिससे पहली गैर-कांग्रेस सरकार बनी: शाह



**चित्रकूट :** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि समाज सुधारक और नेता नानाजी देशमुख ने जनता पार्टी के गठन में अहम भूमिका निभाई, जिसके कारण 1977 में देश में पहली गैर-कांग्रेस सरकार बनी। शाह ने विभिन्न क्षेत्रों में देशमुख के योगदान की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्थायी छाप छोड़ते हैं और एक युग के परिवर्तन का कारण बनते हैं। गृह मंत्री 'भारत रत्न' से अलंकृत देशमुख को उनकी 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए मध्यप्रदेश के चित्रकूट में आयोजित एक समारोह के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा, कुछ लोगों का जीवन न केवल वर्षों, बल्कि युगों तक छाप छोड़ता है और वे युग परिवर्तन का कारण बनते हैं। 'भारत रत्न' नानाजी देशमुख उन महान हस्तियों में से एक हैं। शाह ने कहा, महाराष्ट्र में जन्मे नानाजी ने उत्तर प्रदेश में आरएसएस प्रचारक के रूप में काम किया और जनता पार्टी के गठन में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 'पहले राष्ट्र' के अपने दृष्टिकोण के कारण जनसंघ का अन्य दलों के साथ विलय कराया, जिससे देश में पहली गैर-कांग्रेस सरकार बनी।'' उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था और आजादी पर हमला किया था। शाह ने कहा, लेकिन जब विपक्ष बिखरा हुआ था और यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस के बिना देश का आगे क्या होगा, तो नानाजी साहब खड़े हुए और उन्होंने जनता पार्टी को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके कारण पहली गैर-कांग्रेस सरकार बनी और देश खड़ा हो गया।

## समाज्ञा स्पोर्ट्स

# बांग्लादेश के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने से नहीं खुला पाकिस्तान का खाता



**रावलपिंडी :** मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का ग्रुप ए मैच बृहस्पतिवार को यहां लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। पाकिस्तान और बांग्लादेश अपने पहले दो ग्रुप मैचों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। दोनों टीमों को इस मैच से सांत्वना जीत की तलाश थी लेकिन बारिश ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। पाकिस्तान के लिये यह अधिक निराशाजनक रहा क्योंकि वह 29 साल के लंबे अंतराल पर किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है । उसे अपने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड से 60 रन जबकि चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ छह विकेट की करारी शिकस्त मिली थी। लगातार बारिश के कारण मैदान के कई हिस्सों में पानी जमा हो गया था। मौसम में सुधार नहीं होने के कारण मैच अधिकारियों ने निर्धारित समय से लगभग दो घंटे बाद खेल रद्द कर दिया। खराब मौसम के कारण टॉस भी नहीं हो सका। इस सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद रावलपिंडी में यह दूसरा मैच है जिसे एक भी गेंद फेंके बिना रद्द किया गया है। बारिश के कारण खेल रद्द होने से घरेलू प्रशंसक निराश हो गए, क्योंकि उन्हें रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेल शुरू होने की उम्मीद थी। टीम के निराशाजनक अभियान के बाद पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने प्रसारकों से कहा, '' हम अच्छा प्रदर्शन करना चाहते थे और अपने देश के बेहतर खेल दिखाना चाहते थे। हम से उम्मीदें बहुत ज्यादा थी लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह हमारे लिए निराशा-जनक है।''

## सितंबर में हो सकता है एशिया कप




**नयी दिल्ली :** टी20 विश्व कप 2026 की तैयारी के लिये अहम माना जा रहा एशिया कप सितंबर में तटस्थ स्थान पर हो सकता है हालांकि मेजबानी के अधिकार भारत के पास है । आखिरी बार एशिया कप वनडे प्रारूप में भारत में 2023 में हुए 50 ओवरों के विश्व कप से पहले हुआ था । एशियाई क्रिकेट परिषद के एक सूत्र ने कहा ,'' टूर्नामेंट सितंबर में होगा । भारत के पास मेजबानी के अधिकार हैं लेकिन यह यूएई या श्रीलंका में खेला जायेगा ।'' टूर्नामेंट की खासियत भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगी और अगर वे फाइनल में पहुंचते हैं तो दोनों टीमें तीन बार एक दूसरे से भिड़ सकती हैं । भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग एशिया कप में खेलेंगी । बीसीसीआई के पास मेजबानी के अधिकार हैं लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के घटनाक्रम को देखते हुए पाकिस्तानी टीम का भारत आना संभव नहीं लग रहा । भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से चैम्पियंस ट्रॉफी में सारे मैच दुबई में खेल रही है हालांकि मेजबान पाकिस्तान है।

## बतौर कप्तान रोहित परिपक्व हो गए हैं: धवन




**दुबई :** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं और अपने साथियों के साथ उनका करीबी रिश्ता है जो भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है। धवन ने 'स्टार स्पोर्ट्स' और 'जियोहॉटस्टार' पर विशेष सीरीज 'द शिखर धवन एक्सपीरियंस' में कहा, ''2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है, लड़कों को कैसे एकजुट करना है।'' उन्होंने कहा, ''एक कप्तान के रूप में वह परिपक्व हो गया है। वह जानता है कि कब नरमी बरतनी है और कब पीछे हटना है। यह एक अच्छा संतुलन है और लड़कों के साथ रोहित का रिश्ता अद्भुत है।'' धवन ने 2013 आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के अपने सफर के बारे में भी बात की और रोहित के साथ अपनी नौ साल की सलामी साझेदारी को याद किया जो उसी टूर्नामेंट में शुरू हुई थी। बाएं हाथ के इस 39 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि रोहित को उनके साथ सलामी जोड़ीदार के रूप उतारने का विचार महेंद्र सिंह धोनी का था। धवन ने कहा, ''उस सलामी जोड़ी पर फैसला उस मैच से आधे दिन पहले किया गया था। उस समय मैं भी नया था और मैं अपनी ही दुनिया में था। मैंने वापसी की थी और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी। लेकिन महेंद्र सिंह धोनी ने यह फैसला किया और रोहित को पारी का आगाज करने का निर्देश दिया।''

## सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगे ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान




**लाहौर :** क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियन्स ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे। बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है। टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो लेकिन टीम अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है। इंग्लैंड ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 350 से अधिक रन बनाए थे लेकिन उसके बाद जोश इंग्लिस के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 15 गेंद शेष रहते पांच विकेट से जीत हासिल की। दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब फिर से हासिल करना चाहेगा।

## सोना 1,150 रुपये लुढ़का, चांदी 1,000 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली:** वैश्विक बाजारों में सुस्ती के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,150 रुपये टूटकर 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,150 रुपये टूटकर 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसका पिछला बंद भाव 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 98,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर सर्राफा बाजार बंद थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'एमसीएक्स में बिकवाली के कारण सोने की कीमतों में कमजोरी देखी गई, जहां सोने की कीमत 85,000 रुपये तक गिर गई। अगर एमसीएक्स पर सोना 84,800 रुपये के स्तर तक आता है, तो और भी कमजोरी आ सकती है।' त्रिवेदी ने कहा कि बाजार प्रतिभागी आगे के संकेतों के लिए शुक्रवार को कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) मूल्य सूचकांक के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। विदेशी बाजारों में, अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 23.10 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,907.50 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसके अलावा, हाजिर सोना 2,900 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल गया और इसकी कीमतें 2,892.95 डॉलर प्रति औंस पर आ गईं।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर, अल्ट्राटेक सीमेंट पांच प्रतिशत टूटा

**मुंबई:** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन बाजार में उतार-चढ़ाव आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,834.09 अंक तक गया और नीचे में 74,520.78 अंक तक आया। इस प्रकार, इसमें 313.31 अंक का उतार-चढ़ाव आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.50 अंक यानी 0.01 प्रतिशत फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ निफ्टी में लगातार सातवें सत्र में गिरावट जारी रही। निफ्टी में शामिल शेयरों में 31 नुकसान में जबकि 19 लाभ में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, जोमैटो, टाटा स्टील और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सर्वाधिक 4.99 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के गुजरात में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 'केबल' और तार खंड में प्रवेश की घोषणा के बाद शेयर टूटा।

## कोलकाता में शहरी सेवाओं के विस्तार के लिए एडीबी 20 करोड़ डॉलर का ऋण देगा

**नयी दिल्ली:** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कोलकाता में जलवायु और आपदा-रोधी सीवरेज और जल निकासी बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 20 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य शहर की जीवन-क्षमता में सुधार करना है। एडीबी ने बयान में कहा कि ये हस्तक्षेप, जो कोलकाता नगर निगम स्थिरता, स्वच्छता और स्थिरता (क्षेत्र) परियोजना का हिस्सा हैं, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों सहित कमजोर समूहों के लिए जीवन की स्थिति और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करेंगे। भारत के सबसे अधिक वाले और घनी आबादी वाले शहरों में से एक कोलकाता को अपर्याप्त जल निकासी और सीवरेज प्रणालियों के कारण महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शहरी बाढ़ और अस्वास्थ्यकर वातावरण पैदा हो रहा है। इसमें कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण भारी बारिश बढ़ने से ये समस्याएं और भी गंभीर हो गई हैं।

# उद्योग जगत सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें : गोयल



**मुंबई:** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से कहा कि वे साहसी बनें और समर्थन के लिए सरकार पर निर्भर रहने के बजाय प्रतिस्पर्धी बनने पर ध्यान दें। आईएमसी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने पूछा कि उद्योग कब तक सब्सिडी, उच्च आयात शुल्क और अन्य समान संरक्षणवादी उपायों की ''बैसाखियों'' पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा, 'हम कब तक सरकार की ओर (समर्थन के लिए) देखते रहेंगे? या, कब तक हम सब्सिडी और समर्थन, प्रोत्साहन, उच्च आयात शुल्क, संरक्षणवादी मानसिकता और विश्व के साथ अपने संबंधों में अत्यधिक रक्षात्मक होने की बैसाखी पर जीत हासिल करते रहेंगे?' गोयल ने कहा, 'हमें एक राष्ट्र के रूप में इस संरक्षणवादी मानसिकता और कमजोर सोच से बाहर निकलने का फैसला करना होगा।' उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या माइकल पोर्टर का प्रतिस्पर्धात्मक लाभ पर किया मौलिक कार्य केवल तब तक प्रासंगिक है जब तक उद्योग के नेता व्यापार स्कूलों में हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धात्मकता उद्योग की नवप्रवर्तन, विनिर्माण पद्धतियों, कौशल और दक्षताओं के उन्नयन की क्षमता से आएगी। उन्होंने कहा, 'जब तक हम प्रतिस्पर्धी नहीं बनेंगे, 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं सफल नहीं होंगी और हम विकसित देश बनने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे।' गोयल ने कहा कि जब तक देश व्यापार के माध्यम से विश्व के साथ अपनी भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान नहीं देगा, तब तक वह विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में अपवाद होंगे जहां देश वास्तव में आयात पर निर्भर है, जैसे तेल, रक्षा और खाद्य। कार्यक्रम में देर से पहुंचे गोयल ने कहा कि पिछले 10 दिन से वह थोड़ा भी आराम नहीं कर पाए हैं, क्योंकि वह ''अशांत वैश्विक स्थिति' का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वह 'विभिन्न गतिविधियों' के कारण 'आधे मरे हुए' हैं।

## कार्य, जीवन के बीच सामंजस्य बैठाने पर ध्यान देने की जरूरत: नीरजा बिड़ला



**मुंबई:** परमार्थ कार्यों से जुड़ी और उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की पत्नी नीरजा बिड़ला ने कहा है कि कामकाज और जीवन के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि काम, नींद और आराम के बीच आठ-आठ-आठ घंटे के समय का विभाजन कहने की बात है और इसका पालन मुश्किल है। नीरजा ने कहा कि हमें सही मायने में कामकाज और जीवन के बीच सामंजस्य बैठाने पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बुधवार को पीटीआई-वीडियो को दिये साक्षात्कार में कहा, 'कार्य-जीवन में संतुलन बनाने की जरूरत है। बिल्कुल आठ-आठ-आठ घंटे के हिसाब से काम करना, अच्छा समय बिताना और सोने की बात असंभव है। वास्तव, यह एक आदर्शवादी स्थिति है। लेकिन हम इसमें सामंजस्य कैसे लाते हैं, यह महत्वपूर्ण है।' नीरजा ने यह बात काम के घंटों को लेकर जारी बहस के बीच कही है। एक कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने कर्मचारियों से प्रति सप्ताह 90 घंटे तक काम करने की बात कही थी जबकि कुछ ने कम कार्य दिवस का समर्थन किया है। कुछ ने घंटों के बजाय कार्य उत्पादकता को महत्व देने की बात कही है। उन्होंने कहा, 'हमें वास्तव में जिस चीज पर काम करने की जरूरत है वह कामकाजी जीवन में सामंजस्य बैठाना है। हम इसमें कैसे सामंजस्य बिठाते हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है, आखिरकार यह सब संतुलन के बारे में है।' नीरजा ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में की गई कुछ टिप्पणियों से उत्पन्न विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों और परिवारों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि बच्चे 'सही भाषा' बोलें। उनका मानना है कि आमतौर पर तनाव का स्तर काफी बढ़ गया है और छात्रों में अकेलापन और काफी चिंता है। उन्होंने कहा, 'इस क्षेत्र में बहुत कुछ करने की जरूरत है।'

## व्यापार, निवेश बढ़ाने के लिए आज द्विपक्षीय संबंध अधिक महत्वपूर्ण : सीतारमण



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को व्यापार व निवेश के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है और द्विपक्षीय रिश्ते ही एकमात्र सबसे फायदेमंद जरिया प्रतीत होते हैं। वित्त मंत्री ने यहां 'बीएस मंथन' में कहा कि यह बहुत ही दिलचस्प लेकिन चुनौतीपूर्ण समय है और सरकार देश को आगे बढ़ाने तथा वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, 'द्विपक्षीय संबंध अब एजेंडा में शीर्ष पर है... हमें कई देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना है, न केवल व्यापार के लिए, न केवल निवेश के लिए, बल्कि रणनीतिक संबंधों के लिए भी। इसलिए बहुपक्षवाद... कुछ हद तक, मैं अब भी इसे 'कुछ हद तक' कह रही हूं... लेकिन द्विपक्षीय संबंध ही एकमात्र फायदेमंद हैं जिसका आप इस्तेमाल कर सकते हैं।' वित्त मंत्री ने कहा कि बहुपक्षीय संस्थाएं तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। उन्हें पुन: खड़ा करने और सक्रिय करने के प्रत्येक प्रयास से वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इसलिए, आपको ऐसे मुद्दों पर ध्यान देना होगा जो आपके अपने देश से परे कई चीजों को प्रभावित करते हैं। आपके पास अब कोई ऐसा मंच नहीं बचा है जो प्रभावी ढंग से काम कर सके... बहुपक्षीय संस्थाएं और उनका योगदान शायद कम से कम निकट भविष्य में लुप्त होता दिख रहा है, जब तक कि उन्हें उस तरह की ऊर्जा के साथ फिर खड़ा करने का प्रयास नहीं किया जाता... यह अगले कुछ वर्षों में तो होने वाला नहीं है।'

## न्यूज अपडेट

### तुहिन कांत पांडेय होंगे सेबी के नये चेयरमैन



**नयी दिल्ली:** सरकार ने वित्त और राजस्व सचिव तुहिन कांत पांडेय को बाजार नियामक सेबी का चेयरमैन नियुक्त किया है। वह माधबी पुरी बुच का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल इस महीने समाप्त हो रहा है। कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1987 बैच के ओडिशा कैडर के आईएएस अधिकारी पांडेय को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का चेयरमैन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पदभार संभालने की तारीख से शुरू में तीन साल या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए की गयी है।

### ब्लिंकिट चुनिंदा शहरों में 10 मिनट में एप्पल उत्पादों की आपूर्ति करेगी

**नयी दिल्ली:** क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट ने भारत के चुनिंदा शहरों में 10 मिनट के भीतर मैकबुक एयर, आईपैड और एयरपॉड्स सहित एप्पल उत्पादों की डिलिवरी शुरू कर दी है। कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अलबिंदर ढींढसा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अब मैकबुक एयर, आईपैड, एयरपॉड्स, एप्पल वॉच और अन्य एप्पल एक्सेसरीज (साजो-सामान) 10 मिनट में प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लिखा, 'हमने दिल्ली एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई, जयपुर, बेंगलुरु और कोलकाता में डिलिवरी शुरू कर दी है।' 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में जोमैटो के त्वरित वाणिज्य कारोबार को 103 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। शेयरधारकों को लिखे पत्र में, ज़ोमैटो ने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि निवेश के कारण ब्लिंकिट के तहत क्विक कॉमर्स कारोबार में घाटा निकट भविष्य में जारी रहेगा।

### माता-पिता ने कहा, लोढ़ा भाइयों का एक-दूसरे के कारोबार पर किसी तरह का अधिकार नहीं

**मुंबई:** अभिनंदन और अभिषेक लोढ़ा के माता-पिता मंगल प्रभात लोढ़ा और मंजू लोढ़ा ने फैसला किया है कि इन दोनों का एक-दूसरे के कारोबार में किसी भी तरह का कोई अधिकार नहीं है। विवादों में उलझे दोनों भाइयों को 21 फरवरी को लिखे एक पत्र में, जो बृहस्पतिवार को सार्वजनिक रूप से सामने आया, मंजू ने दोनों भाइयों को सभी विवादों को खत्म करने और एक-दूसरे का सम्मान करने का 'निर्देश' दिया। यह पत्र बंबई उच्च न्यायालय द्वारा दोनों भाइयों को अपने मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का निर्देश देने के कुछ ही सप्ताह के भीतर आया है। अभिषेक जो समूह का प्रमुख रियल्टी कारोबार को संभालते हैं, ने अभिनंदन लोढ़ा को अपने किसी भी उद्यम में 'लोढ़ा' नाम का उपयोग करने से रोकने के लिए अदालत का रुख किया था। मंजू द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अपने पति जो भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री हैं, के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की है। पत्र की एक प्रति पीटीआई-भाषा के पास है, जिसमें कहा गया है,'हमारे परिवार के भीतर अंतिम व्यवस्था 31 मार्च, 2017 को हमारे संशोधित पारिवारिक समझौते में दर्ज की गई थी। हम पुष्टि करते हैं कि आप दोनों को दूसरे भाई के व्यवसाय या संपत्ति या शेयरहोल्डिंग में किसी भी तरह का कोई अधिकार नहीं है।'

### अमेरिका की मेक्सिको, कनाडा पर चार मार्च से शुल्क लगाने की योजना, चीन पर शुल्क दोगुना होगा

**वाशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा और मेक्सिको पर मंगलवार यानी चार मार्च से शुल्क लगाने की योजना है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका अगले मंगलवार से कनाडा और मेक्सिको पर शुल्क लगाने का इरादा है। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन से आयातित सामान पर शुल्क की दर को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर दोगुना करने की मंशा जताई है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर मंगलवार को पोस्ट में कहा कि अमेरिका में गैरकानूनी तरीके से फेंटानाइल की तस्करी हो रही है। यह अस्वीकार्य स्तर पर पहुंच चुकी है।




वर्ष 9, पूर्णांक 4163 अंक 313, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in